Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 169 | रविवार, 28 जून-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# जेवर में चमकेगा 'सूर्य उद्योग': 8,200 करोड़ के मेगा सोलर प्लांट से 20 हजार रोजगार, ग्रीन एनर्जी हब बनेगा यूपी






**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में ₹8,200 करोड़ की लागत से स्थापित होने वाले अत्याधुनिक सोलर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। प्रदेश सरकार के अनुसार यह परियोजना न केवल नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती देगी, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और औद्योगिक निवेश को भी नई गति प्रदान करेगी।

करीब 200 एकड़ भूमि पर विकसित होने वाले इस मेगा प्रोजेक्ट में प्रतिवर्ष 5 गीगावाट क्षमता के सोलर सेल तथा 5 गीगावाट क्षमता के सोलर मॉड्यूल का निर्माण किया जाएगा। आधुनिक तकनीक से लैस यह इकाई देश में सौर ऊर्जा उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ आयात पर निर्भरता कम करने में भी अहम भूमिका निभाएगी। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं और स्वच्छ ऊर्जा की मांग को देखते हुए ऐसी परियोजनाएं भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

परियोजना से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सरकारी अनुमान के मुताबिक प्लांट के निर्माण एवं संचालन से लगभग 5 हजार प्रत्यक्ष और 15 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस प्रकार कुल 20 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ सहायक उद्योगों एवं सेवा क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश, उद्योग और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर क्षेत्र तेजी से देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में शामिल होता जा रहा है। निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों, प्रस्तावित फिल्म सिटी, लॉजिस्टिक पार्क और अन्य औद्योगिक परियोजनाओं के बीच सोलर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना जेवर को देश के ग्रीन एनर्जी मानचित्र पर भी विशेष पहचान दिलाएगी।

निवेशकों को आश्वस्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बेहतर कानून-व्यवस्था, सुदृढ़ आधारभूत ढांचे, त्वरित प्रशासनिक प्रक्रियाओं और उद्योग-अनुकूल नीतियों के माध्यम से निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रही है।

यही कारण है कि उत्तर प्रदेश आज औद्योगिक विकास और निवेश आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है।

## टीईटी पेपर लीक पर सियासी घमासान, राहुल गांधी बोले- हर युवा असुरक्षित, ये भविष्य की चोरी है

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**




**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 को शनिवार को टाल दिया गया, क्योंकि कथित तौर पर प्रश्न पत्र के कुछ हिस्से लीक हो गए थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि देश की शिक्षा और परीक्षा प्रणाली को 'वसूली का तंत्र' बना दिया गया है। यह परीक्षा रविवार को होनी थी। एक और पेपर लीक। एक और परीक्षा रद्द। इस बार महाराष्ट्र की ळएळ परीक्षा। कांग्रेस सांसद ने एक्स पर कहा देश के शिक्षा और परीक्षा सिस्टम को उगाही का जरिया बना दिया गया है, जिससे देश का हर युवा असुरक्षित महसूस कर रहा है। यह सिर्फ. पेपर लीक नहीं है, बल्कि युवाओं के भविष्य की चोरी है।

इससे पहले, महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद (MSCE) ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि भिवंडी में पुलिस जांच के दौरान कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने की बात सामने आने के बाद, पूरे राज्य में 28 जून को होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा पूरे महाराष्ट्र में 1,028 केंद्रों पर आयोजित की जानी थी। MSCE ने अपनी सार्वजनिक सूचना में कहा कि नीट 2026 परीक्षा के दौरान सामने आई गड़बड़ियों को देखते हुए उसने सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम किए थे, लेकिन शनिवार की सुबह मिली गोपनीय जानकारी से पता चला कि भिवंडी में कुछ लोगों के पास ळएळ प्रश्न-पत्र से जुड़ी जानकारी थी। काउंसिल ने बताया कि भिवंडी पुलिस ने उस जगह पर छापा मारा और जांच के दौरान पाया कि अनधिकृत प्रश्न-पत्र के कई सवाल असली टीईटी परीक्षा के प्रश्न-पत्र से मेल खाते थे। बयान के अनुसार, भिवंडी पुलिस ने इसमें शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। काउंसिल ने कहा, हालात को देखते हुए, 28 जून 2026 को होने वाली टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) को टाल दिया गया है। इस मामले की विस्तृत जांच के आदेश भी दिए गए हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि परीक्षा से जुड़ी नई जानकारी काउंसिल की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

## राजनाथ सिंह का बयान अफवाहों का था जवाब, ऑपरेशन सिन्दूर पर भ्रम फैलाने वालों को MoD ने दिया करारा जवाब

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर साफ किया कि 28 जुलाई, 2025 को संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भाषण को चुनिंदा तौर पर उद्धृत किया गया, ताकि गलत मतलब निकाला जा सके कि सिंह ने दावा किया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किसी भी भारतीय सैनिक की जान नहीं गई। मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि ये बातें जानबूझकर गुमराह करने वाली और तथ्यों के लिहाज से गलत हैं।

यह उन रिपोर्टों के जवाब में है जिनमें कहा गया था कि सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान शहीद हुए छह जवानों के नाम जारी किए हैं, जबकि संसद में अपने पिछले भाषण के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा था कि पाकिस्तान के साथ चार दिन के संघर्ष में भारत का कोई भी जवान शहीद नहीं हुआ। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि जिन लोगों ने मंत्री के संसदीय भाषण को लेकर विवाद खड़ा करने की कोशिश की है, उन्होंने जानबूझकर उनकी बातों के पूरे संदर्भ को नजरअंदाज किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह याद रखना जरूरी है कि सिंह के भाषण के समय मीडिया के कुछ हिस्सों और सोशल मीडिया पर एक बात बहुत जोर-शोर से चल रही थी कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय पायलट मारे गए थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह कहानी पूरी तरह से झूठी थी, फिर भी इसे जोर-शोर से फैलाया जा रहा था ताकि ऑपरेशन की सफलता को कम किया जा सके और लोगों का मनोबल गिराया जा सके। रक्षा मंत्री ने इसी खास और शरारतपूर्ण कहानी के जवाब में वह बयान दिया था। मंत्रालय ने कहा कि इसलिए, उनकी टिप्पणी उस झूठ का एक लक्षित और संदर्भ-विशेष जवाब थी, जो उस समय तेजी से फैल रहा था। उनके बयान का ज़िक्र करते हुए, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि कुल मिलाकर, यह ऑपरेशन 'सिंदूर' की 'शानदार सफलता का गर्व से भरा और सटीक विवरण' था; एक ऐसा ऑपरेशन जिसमें भारतीय रक्षा बलों ने बेजोड़ सटीकता, दृढ़ संकल्प और सैन्य पेशेवरपन का प्रदर्शन किया।

## 20 करोड़ की लागत से बने सनगार्नर सोलर प्लांट का किया उद्घाटन

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज गुना जिले के कांजा ग्राम स्थित कूनो नदी उद्गम स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत 700 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए 'जल गंगा संवर्धन अभियान-जन संरक्षण का जन आंदोलन' का शुभारंभ भी किया। इसके साथ ही सिंधिया ने खुटियावाड़ में 20 करोड़ की लागत से बने सनगार्नर सोलर प्लांट का भी उद्घाटन किया जिसकी क्षमता 4.5 मेगावाट है।

### जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ग्राम चिनेरा, जिला गुना में 17.98 लाख की लागत से निर्मित चेक डैम का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जल संरचनाओं का निर्माण और जल स्त्रोतों का संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और समृद्ध भारत की मजबूत आधारशिला है।

### 'प्रकृति का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी' : सिंधिया

इस अवसर पर आयोजित संक्षिप्त जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है और प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान देशभर में जनआंदोलन का स्वरूप ले रहा है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व, प्रकृति और भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी संवेदनशीलता का भी प्रतीक है।

### 75 लाख यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन करेगा सोलर प्लांट

सिंधिया ने आज इसी के साथ खुटियावाड़ में सनगार्नर के सोलर प्लांट का उद्घाटन किया जिसकी लागत 20 करोड़ है और जो 4.5 मेगावाट की क्षमता के साथ 75 लाख यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन करेगा। सिंधिया ने कहा कि आत्मनिर्भरता और सौर ऊर्जा के संकल्प को साकार करने की दिशा में ये प्लांट महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## मुंबई पुलिस का बड़ा एक्शन, मुहर्रम में हजारों को जहर देने की साज़िश नाकाम, 14900 जहरीले कैप्सूल जब्त

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**मुम्बई।** गुलमर्ग पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में, लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) के पास सुमली वाली ढोक में आशा पोस्ट के नजदीक एक रहस्यमय धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार, मृतक की पहचान जबीर अहमद बाजाद के तौर पर हुई है, जो मोहम्मद रफीक बाजाद का बेटा था और बारामूला के चंदूसा में गलीबल का रहने वाला था। धमाके में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चार घायल लोगों को इलाज के लिए ले जाया गया। अधिकारियों ने धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। घटना के बारे में और जानकारी का इंतजार है।

मुंबई पुलिस ने शनिवार को कहा कि उन्होंने शहर में मुहर्रम के जुलूस में शामिल लोगों को निशाना बनाने की कथित साज़िश को नाकाम करके एक बड़ी त्रासदी को टाल दिया है। पुलिस के मुताबिक, धार्मिक जुलूस में शामिल लोगों के बीच ज़िंक फॉस्फाइड (एक बहुत जहरीला पदार्थ) वाली कैप्सूल बांटने की कथित योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि अगर इस संदिग्ध योजना को अंजाम दिया जाता, तो हजारों लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी।

### आरोपी की पहचान पुणे के रहने वाले के तौर पर हुई

आरोपी की पहचान पुणे के विमान नगर के रहने वाले फैयाज प्रेमजी के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि उसके पास इइअ की डिग्री है और वह पेंट का कारोबार करता है। पुलिस ने खुलासा किया कि उसने करीब 15 दिन पहले मुंबई के डोंगरी इलाके में किराए पर घर लिया था। जांच के दौरान पुलिस को यह भी पता चला कि वह 2025 में ईरान और इराक गया था। इन यात्राओं का मकसद अभी पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने करीब 50 किलोग्राम जिंक फॉस्फाइड मंगवाया था और उसकी योजना कैप्सूल में लगभग एक–एक ग्राम जहर भरने की थी। जांचकताओं के मुताबिक, कथित योजना मुहर्रम के जुलूस में शामिल लोगों को निशाना बनाने की थी, जहां करीब 30,000 लोग जमा हुए थे।

मीडिया से बात करते हुए, DCP (सेंट्रल रीजन, जोन 1) जयंत मीणा ने बताया कि मुहर्रम के जुलूस के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति दवा जैसी चीज बांट रहा है, जिसके बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया।

पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति के पास से आधार और पासपोर्ट जैसे दस्तावेज बरामद किए और बाद में लगभग 14,900 कैप्सूल जब्त किए, जिनमें कथित तौर पर जिंक फॉस्फाइड भरा हुआ था। जांचकताओं ने बताया कि कैप्सूल अभी बांटे नहीं गए थे, जिससे पुलिस इस कथित योजना को अंजाम दिए जाने से पहले ही रोकने में सफल रही। अधिकारियों के मुताबिक, सलमान सैयद नाम के एक व्यक्ति के बारे में खबर है कि उनमें से एक कैप्सूल खाने के बाद वह बीमार पड़ गया, जिसके बाद मामले की आगे जांच शुरू की गई।

## सीएम भगवंत मान की मुश्किलें बढ़ीं, वायरल वीडियो मामले में एसजीपीसी ने की एफआईआर की मांग; पास किया प्रस्ताव

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने शनिवार को एक प्रस्ताव पास किया। इसमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और गुरुग्राम में एक कथित वायरल वीडियो से जुड़े मामले में फोरेंसिक रिपोर्ट तैयार करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की गई। एसजीपीसी की जनरल हाउस मीटिंग के बाद इस फैसले की घोषणा करते हुए, SGPC के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि कमेटी ने मान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का फैसला किया है।

उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, बेअदबी करने, अपने संवैधानिक पद का गलत इस्तेमाल करने, सबूत गढ़ने के लिए सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करने और वायरल वीडियो मामले में तथ्यों को छिपाने का आरोप है।

धामी ने कहा कि हम इस सिलसिले में पंजाब के डीजीपी से मिलेंगे। प्रस्ताव के अनुसार, SGPC ने यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि उसे अब तक इस विवाद पर मुख्यमंत्री की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। यह घटनाक्रम पंजाब में कई जगहों पर जैसे होशियारपुर, लुधियाना, बठिंडा और अमृतसर में मुख्यमंत्री मान के सामाजिक बहिष्कार की मांग करने वाले होर्डिंग लगाए जाने के बीच सामने आया है।

इन पोस्टरों में अकाल तख्त से सिख धर्मगुरुओं द्वारा 15 जून को जारी उस आदेश का ज़िक्र है, जिसमें एक विवादित वीडियो को लेकर मान को 'गुरु द्रोही' (गुरु के विरोधी) और खालसा पंथ विरोधी घोषित किया गया था। अकाल तख्त ने इस साल जनवरी में मान को तलब किया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने कथित वीडियो क्लिप में गुरु की गोलक (गुरुद्वारे का दान पात्र) पर टिप्पणी की थी और सिख गुरुओं व मारे गए उग्रवादी जरनैल सिंह भिंडरांवाले की तस्वीरों के साथ आपत्तिजनक गतिविधियां की थीं।

होशियारपुर में कई जगहों पर पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें होशियारपुर-चंडीगढ़ रोड पर बजरावार गांव के गुरुद्वारा हरियन वेलन के पास, छब्बेवाल बस स्टॉप के पास, माहिलपुर में गुरुद्वारा शहीदान लधेवाली के सामने, टुटो माजरा गांव, माहिलपुर के पुराने बस स्टैंड और दसूहा के गुरुद्वारा गरना साहिब शामिल हैं। 15 जून को आदेश जारी करते हुए, अकाल तख्त के जत्थेदार कुलदीप सिंह गरगज ने सिख समुदाय के सदस्यों को मान से कोई संबंध न रखने का निर्देश दिया था। मान ने गुरुद्वारों के बाहर बोर्ड लगाने को लेकर SGPC से सवाल किया।

मान ने कहा कि गुरुद्वारों के बाहर ऐसे बोर्ड लगाए गए हैं जिनमें लोगों से श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों का हवाला देते हुए मेरा बहिष्कार करने को कहा गया है; मैं और दुनिया भर की पूरी सिख संगत, श्री अकाल तख्त साहिब के सर्वोच्च अधिकार का पूरा सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी सवाल किया कि जब पूर्व अकाली नेता सुखबीर सिंह बादल को 'तनखैया' (धार्मिक कदाचार का दोषी) घोषित किया गया था, तब उनके खिलाफ ऐसे बोर्ड क्यों नहीं लगाए गए थे।

## संपादक की कलम से

# वेनेजुएला का भूकंपः मानवीय त्रासदी और आपदा-तैयारी की वैश्विक चेतावनी

प्रकृति जब अपना रौद्र रूप दिखाती है, तब वह मनुष्य की तकनीकी उपलब्धियों, आर्थिक प्रगति और प्रशासनिक दावों की वास्तविक परीक्षा लेती है। वेनेजुएला में आए शक्तिशाली भूकंप ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि कुछ ही क्षणों में वर्षों की मेहनत, सपने और सुरक्षित जीवन का भ्रम मलबे में बदल सकता है। धरती के कुछ सेकंड के कंपन ने न केवल इमारतों को गिराया, बल्कि हजारों परिवारों की उम्मीदों, आजीविकाओं और भविष्य को भी गहरे संकट में डाल दिया। भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएँ केवल भूगर्भीय घटनाएँ नहीं होतीं; वे किसी राष्ट्र की तैयारी, शासन-व्यवस्था, सामाजिक संरचना और मानवीय संवेदनशीलता की भी परीक्षा होती हैं। मलबे में दबे लोगों की पुकार, अपने परिजनों को खोजते परिवार, अस्पतालों में उपचार की प्रतीक्षा करते घायल, राहत शिविरों में अस्थायी जीवन और भय के साये में बीतती रातें यह बताती हैं कि आपदा का वास्तविक दर्द आँकड़ों से कहीं अधिक गहरा होता है। वेनेजुएला पहले से ही आर्थिक चुनौतियों, संसाधनों की कमी और प्रशासनिक दबावों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में आई यह प्राकृतिक आपदा केवल भौतिक विनाश तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं, संचार व्यवस्था, परिवहन, बिजली, पेयजल और राहत प्रणाली पर भी अतिरिक्त बोझ डालती है। यही कारण है कि किसी भी आपदा का प्रभाव उस समाज में अधिक व्यापक होता है, जहाँ बुनियादी ढाँचा पहले से ही कमजोर हो। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आपदाएँ सभी लोगों को समान रूप से प्रभावित नहीं करतीं। सुरक्षित और मजबूत भवनों में रहने वाले लोग अपेक्षाकृत कम नुकसान झेलते हैं, जबकि कमजोर निर्माण, अनियोजित बस्तियाँ और सीमित संसाधनों वाले परिवार सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। गरीब, श्रमिक, महिलाएँ, बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिक आपदा की सबसे बड़ी कीमत चुकाते हैं। इसलिए प्राकृतिक आपदा धीरे-धीरे सामाजिक और आर्थिक असमानता का भी चेहरा बन जाती है। यहीं से शहरी नियोजन का महत्व सामने आता है। यदि शहरों का विकास वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप हो, भवनों का निर्माण भूकंपरोधी तकनीकों से किया जाए, खुले सुरक्षित स्थान उपलब्ध हों, आपातकालीन निकासी मार्ग विकसित किए जाएँ और अस्पतालों को आपदा-तैयार बनाया जाए, तो जान-माल की हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दुर्भाग्य से अनेक देशों में भवन निर्माण नियमों की अनदेखी, अवैध निर्माण और कमजोर निगरानी ऐसी त्रासदियों को और भयावह बना देते हैं। भूकंप के बाद के शुरूआती 72 घंटे सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यही वह समय होता है जब मलबे में दबे लोगों को जीवित निकालने की संभावना सबसे अधिक रहती है। इसलिए राहत एवं बचाव कार्यों की गति, समन्वय और दक्षता ही अनेक लोगों के जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करती है। बचाव दल, चिकित्सक, अग्निशमन कर्मी, सेना, स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवी संगठन इस कठिन समय में आशा की सबसे बड़ी किरण बनते हैं। राहत कार्य केवल भोजन और दवाइयाँ पहुँचाने तक सीमित नहीं होते। अस्थायी आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता व्यवस्था, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं की आवश्यकताओं तथा संचार सेवाओं की बहाली भी समान रूप से आवश्यक होती है। किसी भी आपदा का वास्तविक पुनर्वास तभी संभव होता है जब प्रभावित लोगों को केवल जीवित रहने का सहारा ही नहीं, बल्कि सम्मानपूर्वक जीवन फिर से शुरू करने का अवसर भी मिले।



**ललित शर्मा**
संपादक

## बदल गया मानव का विचार

**उदय किशोर साह**



कविता

अवनि ना बदला अंबर ना बदला
फिर क्यूं बदला मानव का विचार
चन्दा ना बदली सूरज ना बदला
पर बदल गया मानव का संस्कार

गीता ना बदली रामायण ना बदला
फिर क्यूं बदला शिक्षा का सार
धूप ना बदला छाँव ना बदला
पर बदल गया मानव का व्यापार

जल ना बदला छल ना बदला
फिर क्यूं बदला नीति की दरबार
सत्य ना बदला ईमान ना बदला
पर बदल गया मानवता की संसार

झूठ ना बदला बेईमान ना बदला
फिर क्यूं बदला तथ्य की बाजार
भूख ना बदला रसूख ना बदला
पर बदल गया इन्सान से सरोकार

अंहकार ना बदला गुबार ना बदला
फिर क्यूँ बदला शर्म हया का सहचार
गुनाहगार ना बदला तड़ीपार ना बदला
पर बदल गया अनीति की सरकार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# राजनीतिक धरातल पर लोकतंत्र की परिभाषा बेमानी



**एन0के0शर्मा**
लेखक



लोकतंत्र को अक्सर जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा संचालित शासन कहा जाता है। यह परिभाषा जितनी सुंदर सुनाई देती है, राजनीतिक धरातल पर उसका व्यवहारिक रूप आज उतना ही जटिल, विरोधाभासी और कई बार विडंबनापूर्ण दिखाई देता है। सबसे बड़ा संकट यह नहीं है कि लोकतंत्र पर बहस हो रही है; सबसे बड़ा संकट यह है कि लोकतंत्र की परिभाषा स्वयं सत्ता, विपक्ष, समर्थक और आलोचक-सभी के लिए परिस्थितियों के अनुसार बदलती हुई दिखाई देती है। सिद्धांत स्थिर रहता है, किंतु उसकी व्याख्या अवसर के अनुसार रंग बदलती रहती है। यही वह बिंदु है जहाँ लोकतंत्र का नैतिक आधार कमजोर पड़ने लगता है। आज की राजनीति में लोकतंत्र कई बार एक सार्वभौमिक मूल्य कम और एक सुविधाजनक राजनीतिक औजार अधिक प्रतीत होता है। जब कोई निर्णय अपने पक्ष में हो तो उसे जनादेश का सम्मान कहा जाता है; वही निर्णय प्रतिकूल हो तो लोकतंत्र की हत्या का आरोप लग जाता है।

जब विरोध प्रदर्शन अपने समर्थकों का हो तो उसे जनता की आवाज कहा जाता है, और जब वही विरोध प्रतिद्वंद्वी पक्ष करे तो उसे अराजकता, षड्यंत्र या राष्ट्र-विरोधी गतिविधि तक कह दिया जाता है। यह प्रवृत्ति किसी एक दल, विचारधारा या देश तक सीमित नहीं है; अनेक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अलग-अलग रूपों में देखने को मिलती है। समस्या किसी एक पक्ष की नहीं, बल्कि उस राजनीतिक संस्कृति की है जिसमें सिद्धांतों की जगह सुविधानुसार व्याख्या ने ले ली है। लोकतंत्र का मूल तत्व समान मानदंड है। यदि वही घटना, वही संवैधानिक प्रक्रिया, वही अधिकार और वही विरोध अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग नैतिक अर्थ ग्रहण करने लगें, तो प्रश्न लोकतंत्र पर नहीं, उसकी राजनीतिक व्याख्या पर उठता है। लोकतंत्र का मूल्य इस बात से नहीं आँका जा सकता कि सत्ता में कौन है, बल्कि इस बात से आँका जाना चाहिए कि सत्ता और विपक्ष-दोनों एक ही संवैधानिक कसौटी को स्वीकार करते हैं या नहीं। राजनीतिक विमर्श का एक चिंताजनक पक्ष यह भी है कि शब्दों का अर्थ लगातार बदला जा रहा है। 'लोकतंत्र', 'संविधान', 'जनादेश', 'राष्ट्रहित', 'जनभावना', 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता'-ये सभी शब्द कई बार अपने मूल अर्थ से अधिक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा बन जाते हैं। परिणामस्वरूप जनता के सामने वास्तविक प्रश्नों की बजाय भावनात्मक और प्रतीकात्मक संघर्ष अधिक प्रमुख हो जाते हैं।

इससे नागरिक विमर्श कमजोर होता है और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भरोसा भी प्रभावित हो सकता है। पत्रकारिता का दायित्व भी ऐसे समय में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। यदि मीडिया भी लोकतंत्र की परिभाषा को दलगत चश्मे से देखने लगे, तो वह सत्ता का प्रहरी नहीं, बल्कि राजनीतिक ध्रुवीकरण का माध्यम बन सकता है।

एक स्वस्थ लोकतंत्र में पत्रकारिता का धर्म सत्ता और विपक्ष दोनों से समान दूरी रखते हुए तथ्यों की कसौटी पर प्रश्न पूछना है। लोकतंत्र की रक्षा प्रशंसा से नहीं, बल्कि निष्पक्ष परीक्षण से होती है। नागरिक समाज की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। यदि नागरिक केवल अपने पसंदीदा राजनीतिक पक्ष के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों की माँग करें और विरोधी पक्ष के अधिकारों की अनदेखी करें, तो लोकतंत्र धीरे-धीरे बहुमत की शक्ति और अल्पमत की असुरक्षा के बीच फँस सकता है। लोकतंत्र का वास्तविक परीक्षण तब होता है जब हम उन अधिकारों की भी रक्षा करें जिनसे हम स्वयं सहमत नहीं हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि लोकतंत्र को नारे, चुनावी मंच या राजनीतिक सुविधा से ऊपर उठाकर एक स्थायी संवैधानिक और नैतिक व्यवस्था के रूप में देखा जाए। लोकतंत्र की विश्वसनीयता तभी बनी रह सकती है जब उसके मानदंड व्यक्ति, दल, क्षेत्र, समय और परिस्थिति के अनुसार न बदलें।

यदि एक ही सिद्धांत सत्ता बदलने के साथ अपना अर्थ बदल देता है, तो समस्या लोकतंत्र की नहीं, उसकी अवसरवादी व्याख्या की है। राजनीतिक नेतृत्व के लिए भी यह आत्ममंथन का विषय है कि क्या लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने तक सीमित है, या फिर वह जवाबदेही, पारदर्शिता, संस्थागत सम्मान और असहमति के अधिकार का भी नाम है। चुनाव लोकतंत्र का आवश्यक अंग हैं, परंतु वे लोकतंत्र का संपूर्ण स्वरूप नहीं हैं। लोकतंत्र का वास्तविक बल संस्थाओं की स्वतंत्रता, कानून के समान अनुपालन, सार्वजनिक विमर्श की गरिमा और नागरिक अधिकारों की रक्षा में निहित है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी आत्मसुधार की क्षमता है। परंतु यह क्षमता तभी जीवित रहती है जब लोकतंत्र को निजी हितों के अनुसार परिभाषित करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाए। यदि हर राजनीतिक परिस्थिति में लोकतंत्र का अर्थ बदलता रहेगा, तो अंततः जनता शब्दों पर नहीं, बल्कि व्यवस्था की निष्पक्षता पर प्रश्न उठाने लगेगी।

यह किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी होगी। लोकतंत्र किसी दल की निजी संपत्ति नहीं, किसी नेता की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं और किसी विचारधारा का एकाधिकार भी नहीं है। यह नागरिकों का साझा विश्वास है, जिसे समान नियमों, समान अधिकारों और समान उत्तरदायित्व के आधार पर ही सुरक्षित रखा जा सकता है। जब लोकतंत्र की परिभाषा निजी हितों की दासी बन जाती है, तब सबसे बड़ी पराजय किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि उस सार्वजनिक विश्वास की होती है जिस पर पूरा लोकतांत्रिक ढाँचा खड़ा होता है। इसलिए लोकतंत्र को बचाने का अर्थ केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि उसके सिद्धांतों को हर परिस्थिति में समान रूप से लागू करने का नैतिक साहस विकसित करना है। यही किसी भी परिपक्व लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान और उसकी सबसे महत्वपूर्ण कसौटी है।

# लोकनिर्माण, टेंडर और परिवहन विभागों में भ्रष्टाचारः 'मलाई वाले विभाग' की धारणा पर बड़ा सवाल



**किशन भावनानीं**
लेखक



वैश्विक स्तरपर आज सारी दुनियाँ कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार के दंश से अर्थव्यवस्था में कमजोरी महसूस कर रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार रूपी काली कमाई भ्रष्टाचारियों द्वारा बेहद सस्पेंस वाली जगह पर छुपा कर रखा जाता है,जो अर्थव्यवस्था के सरकुलेशन में काम नहीं आती। मसलन 2000 के नोटों की लंबी राशि चलन में नहीं आ रही थी यानी मतलब साफ है भ्रष्टाचार्यों के पास लॉक हो गई थी,नतीजा नोटों की नोटबंदी ही पर्याय था। परंतु बहुत ताजुब की बात है एक ओर जहां सरकार भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस करने कमर कसकर भिड़ी हुई है दूसरी ओर हमेशा देखा जाता है की राजनीति में सहयोगी पार्टी या पार्टी के अंदर ही पार्टी के कद्दावर नेताओं में मंत्रालय के विभागों की मलाई पर तकरार होती है, यानें सरकारी टेंडर में परसेंटेज के मामले होते हैं,इसीलिए ही 40 या 50 पेर्सेंट के आरोप प्रत्यारोप राजनीति में सभी बातें एक दूसरे के ऊपर लगाते रहते हैं अक्सर चुनाव जीते हुए व्यक्तियों से लेकर मंत्री व चपरासी से लेकर उच्च पदासीन अधिकारी इसमें शामिल होते हैं तो फिर भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस नीति का क्या अर्थ हुआ? जो रेखांकित करने वाली बात है, जिसका सटीक उदाहरण महाराष्ट्र के एक नेता पर गृहमंत्री होने के बावजूद 100 करोड़ प्रतिमाह का आरोप लगा था वो जेल भी गए थे। ऐसे अनेक आरोप राजनीतिज्ञों मंत्रियों पर लगते रहते हैं जो रेखा रेखांकित करने वाली बात है, जिससे क्लियर होता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से लेकर नीचे की ओर चलता है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेविभागों की मलाई पर तकरार, भ्रष्टाचार पर कैसे होगा पलटवार! तथा भ्रष्ट प्लस अचार एट द रेट ऑफ भ्रष्टाचार, लोक निर्माण सरकारी टेंडर गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है? साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के अर्थ को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार शब्द दो शब्दों की संधि से बना है - भ्रष्ट +आचार, जिनके निम्न अर्थ हैं- भ्रष्ट=दूषित,गंदा, अनैतिक गलत,आपराधिक,आचार=आचरण, व्यवहार,कार्यकलाप कार्य,तो सीधे शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार का तात्पर्य उस कार्य से है जो गलत हो, अनैतिक हो, आपराधिक हो या दूषित हो। हमारे राजनेताओं की कृपा से आजकल यह शब्द मुख्यतया राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग होता है लेकिन सामान्यतया हर वह आचरण भ्रष्टाचार है जो कि किसी गलत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनैतिक ढंग से और दुर्भावना से किया जाए।केवल सरकारी कार्यों में घोटाले करना ही भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि अपने आदर्शों से समझौता करना और निजी लाभ के लिए किसी अन्य को पीड़ा पहुंचाना भी भ्रष्टाचार है। दूधवाले का दूध में पानी मिलाना भी भ्रष्टाचार है और शिक्षक का कक्षा में ना पढ़ाना भी भ्रष्टाचार है। अधिकारी का काम ना करना भी भ्रष्टाचार है और काम के बदले रिश्वत मांगना भी भ्रष्टाचार है। टैक्स चोरी करना भी भ्रष्टाचार है और यातायात के नियमों को ना मानना भी भ्रष्टाचार है।सीमित शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं में घोटाले करना ही नहीं है बल्कि निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार से आर्थिक दुष्प्रभाव की करें तो,भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है. मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है, इस फॉमूर्ले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं,परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत और चीन की विकास दर अधिक है।भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है।मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ यदि इस रकम को शेयर बाजार में लगाया गया तो भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव कुछ घटता है,दक्षिणी अमेरिकी देशों एवं भारत में यह अंतर साफ है। दक्षिण अमेरिका के नेताओं ने घूस की रकम को स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा करा दिया। नतीजा विकास में गिरावट आयी,परंतु भारतीय नेताओं ने स्विस बैंकों में जमा कराने के साथ- साथ घरेलू उद्यमियों के पास भी रकम जमा करायी। यदि घूस की रकम का निवेश किया जाये, तो अनैतिक भ्रष्टाचार का आर्थिक सुप्रभाव भी पड़ सकता है।मान लीजिए सरकारी निवेश में औसतन 70 फीसदी रकम का सदुपयोग होता है, जबकि निजी निवेश में 90 फीसदी का, ऐसे में यदि एक करोड़ रुपये को भ्रष्टाचार के माध्यम से निकाल कर निजी कंपनियों में लगा दिया जाये, तो 20 लाख रुपये का निवेश बढ़ेगा।अर्थशास्त्र में एक विधा 'बचत की प्रवृत्ति' के नाम से जानी जाती है। अपनी अतिरिक्त आय में से व्यक्ति कितनी बचत करता है उसे 'बचत की प्रवृत्ति' कहा जाता है। गरीब की 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 90 रुपये की खपत करता है और 10 रुपये की बचत. तुलना में अमीर को 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 10 रुपये की खपत करता है और 90 रुपये की बचत करता है.मान लीजिए अमीर इंजीनियर ने गरीब किसान से 100 रुपये की घूस ली। गरीब की आय में 100 रुपये की गिरावट आयी, जिसके कारण बचत में 10 रुपये की कटौती हुई. परंतु अमीर इंजीनियर ने 100 रुपये की घूस में 90 रुपये की बचत की. इस प्रकार घूस के लेनदेन से कुल बचत में 80 रुपये की वृद्धि हुई। अमीर द्वारा गरीब का शोषण सामाजिक दृष्टि से गलत होते हुए भी आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हो गया। भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है। मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है। इस फॉमूर्ले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं। परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत और चीन की विकास दर अधिक है. भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है.मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया. सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के कारणों को समझने की करें तो, हम सभी ने कहीं ना कहीं इसे सिस्टम का हिस्सा मान कर अपना लिया है।हम भ्रष्टाचारियों को कोसते है पर वही अपना काम जल्दी कराने के लिये हम खुद उसे बढ़ावा भी देते हैं।ड्राइविंग लाइसेंस जल्दी नहीं बना रहा, थोड़ा खिला देंगे।पासपोर्ट के लिये पुलिस वेरिफिकेशन में समय लगेगा चलो थोड़ा साहब को खर्चा पानी दे देंगे हेलमेट नहीं पहना है , गाड़ी के कागज नहीं है , ट्रैफिक पुलिस वाले को 100-50 दे कर बच जायेंगे सरकारी टेंडर हमें ही मिले इसके लिये सरकारी बाबू को थोड़ा मिठाई भिजवा देते है।और फिर जो पैसा उनकी खातिरदारी में खर्च होगा वो हम काम की गुड़वत्ता कम करके खानापूर्ति कर लेंगे हमारा इस सब को ले कर '२४' '३३३४ौं' (सब ठीक है ) ही इस सब का जिम्मेदार है, सिर्फ सरकारों को कोसने से कुछ नहीं होगा पहला बदलाव हमें खुद से शुरू करना होगा, अपनी सोच में परिवर्तन करके। साथियों बात अगर हम मलाई वाले विभाग को समझने की करें तो, पुलिस विभाग इतना भ्रष्ट नहीं है, जितना एक दूसरा विभाग है। आज के घोटालों में इस विभाग का बड़ा हाथ होता है, साथ ही यह विभाग इसके संपर्क में आने वाले किसी भी शख्स को नहीं नहीं छोड़ना है। खनन विभाग सबसे भ्रष्ट विभाग हैं। यही एकमात्र विभाग है, जिसमें घोटाले का प्रश्न हमेशा उठता है, यही वह विभाग है जिसका चपरासी से आयुक्त तक नौकरशाह और विभाग का मंत्री जेल की हवा खा चुका है। इसी विभाग में होने वाले घोटाले की राशि अखबार में छपने पर आम आदमी किसी संख्या के पीछे के शून्य (जीरो) कम से कम तीन बार गिनता है।खनन घोटाले के लिए कई नेता और मंत्री भी जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए वही कई पर आरोप लगे! इनमें गायत्री प्रजापति, बीएस येदियुरप्पा, जनार्दन रेड्डी और श्रीनिवास रेड्डी, रमेश पोखरियाल निशंक, जयललिता, सीबू सोरेन और दिगंबर कामत जैसे कई नाम शामिल हैं। इस विभाग के कई आईएएस भी घोटाले में लिप्त पाए जाने से जेल पहुंचे उनमे अशोक सिंघवी और चन्द्र कला प्रमुख हैं। बड़े अंको के घोटाले देने के लिए प्रसिद्ध है, 2012 कोयला का कोयला खदान आवंटन घोटाला 10.7 लाख करोड़ का घोटाला मामले में था, जो अब तक का सबसे बड़ा भारत में होने वाला घोटाला है खनन विभाग के कर्मचारी खदान आवंटन की प्रक्रिया से खनन और विक्रय रॉयल्टी तक में भ्रष्टाचार के नये तरीके निकाल लेते हैं! खनन विभाग के कार्य बालू मिट्टी से सोने का खनन तक है! खनन विभाग ही एकमात्र विभाग है जो मिट्टी के खनन में भ्रष्टाचार की जड़े जमाकर मिट्टी से पैसे बना लेता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि...भ्रष्ट+अचार @ भ्रष्टाचार- लोकनिर्माण, सरकारी टेंडर,गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है? विभागों की मलाई पर तकरार-भ्रष्टाचार पर कैसे होगा वार ?भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं ऑफीसरों बाबुओं द्वारा रिश्वत लेना ही नहीं,बल्कि स्वार्थ सिद्धि द्वारा किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है।

# विदेश में एमबीबीएस सस्ता, लेकिन भारत लौटकर लाइसेंस परीक्षा (एफएमजीई) पास करना बड़ी चुनौतीः हर साल केवल 22% छात्र ही हो पाते हैं सफल



**डॉ विजय गर्ग**
लेखक

भारत में डॉक्टर बनने का सपना लाखों छात्र देखते हैं, लेकिन सीमित सरकारी सीटें और निजी मेडिकल कॉलेजों की अत्यधिक फीस इस सपने को पूरा करने में बड़ी बाधा बन जाती हैं। यही कारण है कि हर वर्ष हजारों भारतीय छात्र रूस, जॉर्जिया, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, फिलीपींस, चीन और अन्य देशों में अपेक्षाकृत कम खर्च पर एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए जाते हैं। विदेश में मेडिकल शिक्षा कई परिवारों के लिए आर्थिक रूप से एक व्यवहारिक विकल्प बन चुकी है, लेकिन इसके साथ एक महत्वपूर्ण चुनौती भी जुड़ी हुई है-भारत लौटकर विदेशी मेडिकल स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) पास करना। आंकड़े बताते हैं कि हर साल इस परीक्षा में औसतन केवल 22 प्रतिशत छात्र ही सफल हो पाते हैं। यानी लगभग चार में से तीन छात्र भारत में डॉक्टर के रूप में पंजीकरण प्राप्त करने में असफल रह जाते हैं। यह स्थिति छात्रों, अभिभावकों और नीति निमार्ताओं के लिए चिंता का विषय है।

## विदेश में एमबीबीएस क्यों बन रहा है लोकप्रिय?

भारत में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या अभी भी मांग की तुलना में काफी कम है। लाखों छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में शामिल होते हैं, लेकिन सीमित सीटों के कारण अधिकांश को प्रवेश नहीं मिल पाता।

दूसरी ओर, निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की फीस कई बार एक करोड़ रुपये तक पहुंच जाती है, जो मध्यमवर्गीय परिवारों की पहुंच से बाहर है। इसके विपरीत, रूस, कजाकिस्तान, जॉर्जिया और फिलीपींस जैसे देशों में संपूर्ण एमबीबीएस पाठ्यक्रम 20 से 40 लाख रुपये के भीतर पूरा हो सकता है। यही आर्थिक अंतर छात्रों को विदेश की ओर आकर्षित करता है।

## एफएमजीई क्या है?

विदेश से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने वाले भारतीय छात्रों को भारत में चिकित्सा अभ्यास करने के लिए विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) उत्तीर्ण करनी होती है। यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) द्वारा आयोजित की जाती है और इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विदेशी विश्वविद्यालयों से पढ़कर लौटे डॉक्टर भारतीय चिकित्सा मानकों के अनुरूप हैं। परीक्षा में सफल होने के बाद ही उम्मीदवारों को भारत में चिकित्सक के रूप में पंजीकरण और प्रैक्टिस करने का अधिकार मिलता है। इसलिए यह परीक्षा विदेशी मेडिकल छात्रों के लिए सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव बन जाती है।

## केवल 22 प्रतिशत सफलता दर क्यों?

एफएमजीई की कम सफलता दर के पीछे कई कारण बताए जाते हैं।

### पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धति में अंतर

विदेशी विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम भारतीय चिकित्सा शिक्षा प्रणाली से अलग हो सकता है। कई देशों में सैद्धांतिक शिक्षा पर अधिक जोर दिया जाता है, जबकि भारत में क्लिनिकल अनुभव और व्यावहारिक प्रशिक्षण को विशेष महत्व दिया जाता है। इस अंतर के कारण छात्रों को भारतीय परीक्षा के अनुरूप तैयारी करने में कठिनाई होती है।

### भाषा की समस्या

कई देशों में प्रारंभिक वर्षों में स्थानीय भाषा का उपयोग होता है। मरीजों से संवाद और अस्पतालों में प्रशिक्षण के दौरान भाषा संबंधी चुनौतियां छात्रों के व्यावहारिक अनुभव को प्रभावित कर सकती हैं। इसका असर बाद में एफएमजीई की तैयारी पर भी पड़ता है।

### उचित मार्गदर्शन का अभाव

अनेक छात्र विदेश जाने से पहले केवल कम फीस और आसान प्रवेश प्रक्रिया को देखते हैं, लेकिन एफएमजीई की कठिनाई और भारतीय लाइसेंसिंग प्रक्रिया के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं जुटा पाते। परिणामस्वरूप, वे समय रहते परीक्षा की तैयारी शुरू नहीं कर पाते।

### परीक्षा का उच्च स्तर

एफएमजीई में चिकित्सा विज्ञान के लगभग सभी प्रमुख विषयों से प्रश्न पूछे जाते हैं। परीक्षा में सफल होने के लिए व्यापक ज्ञान, गहन समझ और निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है। बिना समुचित तैयारी के सफलता प्राप्त करना कठिन होता है।

# थाना दिवस पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सिटी ने थाना जनकपुरी में की जनसुनवाई, व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

राजीव मोंगरा





**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सिटी व्योम बिंदल ने थाना जनकपुरी पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

थाना दिवस के दौरान अधिकारियों ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जनसुनवाई के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सिटी ने थाना परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, अभिलेखों के रख-रखाव, परिसर की साफ-सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों को अद्यतन रखने, कार्यालय व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा थाना परिसर में स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी श्री अरविंद कुमार चौहान ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध, पारदर्शी एवं न्यायसंगत समाधान उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक सिटी व्योम बिंदल ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि थाना आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने थाना परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी जनकपुरी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने अवैध खनन पर कसा शिकंजा, सात डंपर किए सीज



राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मिजार्पुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन सामग्री का परिवहन कर रहे सात डंपरों को सीज कर दिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं उपजिलाधिकारी बेहट के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बेहट के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने पुलिस टीम के साथ शुक्रवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अवैध खनन सामग्री का परिवहन करते हुए सात डंपर पकड़े गए, जिन्हें सीज कर दिया गया। पुलिस के अनुसार सीज किए गए वाहनों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय को रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है।अभियान में प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, उपनिरीक्षक रामकुमार, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र तथा कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आसमान से बरस रही आग, भीषण गर्मी और लू से जनजीवन बेहाल

राजीव मोंगरा



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** जनपद में इन दिनों भीषण गर्मी और झुलसाने वाली लू का प्रकोप अपने चरम पर है। सुबह सूरज निकलने के साथ ही धूप की तपिश इतनी बढ़ जाती है कि लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया है। दोपहर होते-होते सड़कें पूरी तरह सूनी नजर आने लगती हैं और ऐसा प्रतीत होता है मानो आसमान से आग बरस रही हो।

पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार रिकॉर्ड स्तर पर बना हुआ है। दोपहर के समय चलने वाली पछुआ हवाओं और गर्म थपेड़ों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। राहगीरों और बाइक सवारों को चेहरे को कपड़े से ढककर निकलते हुए देखा जा सकता है। गर्मी का असर व्यापार पर भी साफ नजर आ रहा हैय बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है।

इस भयंकर गर्मी और लू के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। जिला अस्पताल सहित निजी क्लीनिकों में उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। डॉक्टरों ने इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। चिकित्सकों ने आमजन को विशेष सलाह दी कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। खाली पेट बाहर न जाएं, पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी, छाछ या ओआरएस का घोल पीते रहें। यदि बाहर जाना ही पड़े, तो सिर और चेहरे को सूती कपड़े या छाते से जरूर ढकें। चक्कर आने, तेज सिरदर्द या उल्टी की शिकायत होने पर तुरंत नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करें। एक तरफ जहाँ लोग गर्मी से त्रस्त हैं, वहीं दूसरी तरफ ओवरलोडिंग के कारण हो रही अघोषित बिजली कटौती ने दिक्कतों को दोगुना कर दिया है। रात के समय भी गर्म हवाएं और उमस लोगों को सोने नहीं दे रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल अगले कुछ दिनों तक इस भीषण गर्मी और लू से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

## जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय का किया गया त्रैमासिक निरीक्षण



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद की जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कविता मीना के द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण, ईवीएम-वी वी पी ए टी वेयरहाउस, शिकायत निस्तारण एवं आगामी निर्वाचन की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की गई।

जिलाधिकारी द्वारा ईवीएम-वी वी पी ए टी वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सी सी टी वी, डबल लॉक सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, थ्री-लेयर सुरक्षा एवं लॉगबुक का अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग की एस ओ पी का शत-प्रतिशत अनुपालन हो। एफएलसी- प्रथम स्तरीय जांच की तैयारी समय से पूर्ण करें। कार्यालय में पत्रावलियों, मतदाता सूची, निर्वाचन व्यय लेखा एवं निर्वाचन सामग्री के रखरखाव का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी अभिलेख अद्यतन एवं व्यवस्थित रखें हेतु निर्देश दिए तथा पुराने अभिलेखों का नियमानुसार बीडिंग कराएं। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी तहसीलदार/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचन कार्यालय के समस्त पटल सहायक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पखवाड़ा के कार्यक्रमों को लेकर भाजपा महानगर संगठन की बैठक संपन्न



राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पखवाड़ा के निमित्त प्रस्तावित कार्यक्रमों के विषय में सहारनपुर महानगर संगठन की बैठक सर्किट हाउस सभागार में आयोजित हुई। बैठक की प्रस्तावना महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई द्वारा रखी गई। उन्होंने संस्मरण पखवाड़ा के उद्देश्य एवं प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकताओं से पूर्ण समर्पण एवं सक्रियता के साथ कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में महानगर संगठन प्रभारी वाई.पी. सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए पूर्णतः समर्पित था। उनके विचार और आदर्श आज भी प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आह्वान किया कि संस्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत प्रस्तावित सभी कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा, उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ सफल बनाया जाए तथा डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुँचाया जाए। बैठक में महापौर डॉ. अजय सिंह, नगर विधायक राजीव गुंबर, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, निवर्तमान महापौर संजीव वालिया, वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कृष्ण लाल अरोड़ा, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा,, अनेश शर्मा , सुनील गुप्ता ,सहित महानगर के समस्त पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं अभियान से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संस्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा सभी मंडलों को कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए आवश्यक जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

## थाना समाधान दिवसः एसपी ने हाफिजपुर थाने में सुनीं जन समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना हाफिजपुर पहुंचकर आमजन की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। इस दौरान फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, छात्र मौत, किसानों के बकाया, श्रमिकों के मुआवजे और कानून-व्यवस्था पर कार्रवाई की मांग

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम उप जिलाधिकारी हापुड़ के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर छात्र-छात्राओं की मौत, किसानों के बकाया भुगतान, श्रमिकों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और अन्य जनहित के मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने ज्ञापन में कहा कि लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग लगने से 15 छात्र-छात्राओं की दर्दनाक मौत हो गई तथा कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पार्टी ने घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की। ज्ञापन में गौतम बुद्ध नगर के जेवर में 15 वर्षीय नाबालिग गोपाल शर्मा की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने, बिहार के भोजपुर में भरत भूषण तिवारी की मौत की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई की भी मांग की गई। इसके अलावा हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हमीरपुर सहित विभिन्न स्थानों पर दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले श्रमिकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग उठाई गई। पार्टी ने हापुड़, मेरठ, बिजनौर, बरेली, बदायूं, रामपुर सहित प्रदेश की विभिन्न चीनी मिलों पर किसानों का सैकड़ों करोड़ रुपये का बकाया गन्ना भुगतान तत्काल कराने की मांग की। साथ ही उत्तर प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार, रंगदारी और भ्रष्टाचार की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कानून-व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता बताई।ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि सभी मांगों का जनहित में संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुनील शर्मा, प्रदेश महासचिव अब्दुला सेफी, मेरठ मंडल अध्यक्ष आबिद सेफी, जिलाध्यक्ष अजय शर्मा, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष धर्मवीर कश्यप, जिला सचिव नितिन निर्वाण एवं शहर अध्यक्ष इरफान सेफी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन शस्त्र अभियानः सोशल मीडिया पर अवैध असलहा लहराने वाला आरोपी गिरफ्तार



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ के निदेर्शानुसार जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर अवैध असलहा के साथ वायरल वीडियो से संबंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध असलहा बरामद किया गया है। थाना बाबूगढ़ प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के तहत आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने या ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## स्वामी ज्ञानभिक्षुक की याद में शोभायात्रा निकाल आज रात्रि में होगा संत समागमः आचार्य कंवरपाल ब्रह्मचारी

राजीव मोंगरा



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में गुरु गद्दी ऊन में आज 28 जून को भव्य शोभायात्रा व महान सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

गुरु गद्दी ऊन के महंत आचार्य संत कंवरपाल ब्रह्मचारी जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन के संस्थापक सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज को अध्यात्मिक दर्शन कराने वाले स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास जी महाराज के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में उनकी समाधि स्थल गद्दी ऊन पर आगामी 28 जून दिन रविवार को दिन में भव्य शोभायात्रा व रात्रि में महान आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरो पर चल रही है, क्योंकि गद्दी ऊन में 66वाँ परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित सत्संग मानव कल्याण तथा स्वामी ज्ञान भिक्षुकदास जी को समर्पित रहेगा। उन्होंने सभी से भारी संख्या में 28 जून दिन रविवार को गुरु गद्दी ऊन में आयोजित सत्संग में प्रतिभाग कर गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त कर अपना जीवन धन्य बनाने की बात कही। इस दौरान महात्मा प्रेमदास, महा. महेंद्र दास, महा. पीतम दास, पत्रकार एसडी गौतम, विनोद दास, रामपाल दास, नितराम, रोहताश, कुलविंद्र व सन्नी कुमार समेत आदि मौजूद रहे।

## जिला जज और जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला कारागार गाज़ियाबाद का किया निरीक्षण




हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के जिला और सत्र न्यायाधीश, जिलाधिकारी कविता मीना, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के द्वारा जिला कारागार गाज़ियाबाद का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं, स्वच्छता एवं विधिक सहायता की विस्तृत जानकारी की गई।

## अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स दिवस पर सीएचसी गढ़ रोड में नशा मुक्ति एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरेंद्र शर्मा




**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार प्रथम जी के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सौरभ कुमार वर्मा जी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स दिवस के अवसर पर गढ़ रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक नशा मुक्ति, विधिक साक्षरता का शिविर लगाया गया।

शिविर में पीएलवी अशोक कुमार ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी पश्चिमी सभ्यता तथा फिल्मी कल्चर के चलते किसी न किसी नशे की आदि हो रही है।

नशा हमारी आने वाले पीढ़ी को खत्म करने का काम कर रहा। इसलिए इस नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाना चाहिए। इसके लिए सभी को नशे से दूर रहने तथा भविष्य में कोई भी नशा न किए जाने की शपथ भी ग्रहण कराई।

इसके बाद पीएलवी अशोक कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा दी जा रही सुविधा का लाभ आमजन को कैसे मिले इसके बारे में बताया गया। इसके अलावा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, गरीब तथा असहाय व्यक्ति को निशुल्क पैनल अधिवक्ता उपलब्ध कराने, सरकारी योजनाओं का लाभ किस तरह ले।

छोटे-मोटे विवाद आपसी सहमति से निस्तारण की जाने, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. कपिल कुमार गौतम, मोहित गोस्वामी, पीएलवी विनीत कुमार, आशा बहने, अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

# ब्रज की सेवा ही ठाकुरजी की सेवा, तीर्थों से कस्बों तक पहुंचा स्वच्छता महाअभियान

## 'हम सबने ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है, अभियान की प्रतिदिन जिलाधिकारी कर रहे समीक्षा, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद निभा रही अहम भूमिका

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा एवं संपूर्ण ब्रज मंडल को स्वच्छ, सुंदर और दिव्य स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया 'हम सबने ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' अभियान, जो अब जनांदोलन का रूप लेने लगा है। ब्रह्मांड घाट से शुरू हुई यह मुहिम अब ब्रज के प्रमुख तीर्थस्थलों के साथ-साथ नगर पंचायतों और कस्बों की गलियों तक पहुंच रही है।

ब्रज केवल एक भू-भाग नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, श्रीकृष्ण जी की लीलाओं और सनातन संस्कृति का जीवंत केंद्र है। प्रतिवर्ष देश-विदेश से कई करोड़ श्रद्धालु यहां दर्शन और परिक्रमा के लिए आते हैं। ऐसे में ब्रज की स्वच्छता को धार्मिक सेवा और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व से जोड़ते है। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और जिला प्रशासन ने व्यापक अभियान शुरू किया है।

अभियान की कमान स्वयं जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने संभाल रखी है। प्रत्येक दिन अभियान की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जा रही है, जिसके आधार पर वे स्वयं इसकी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। नगर आयुक्त जग प्रवेश मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में अभियान की सतत निगरानी कर रहे हैं, जबकि विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत कोसीकलां नगर पालिका, गोवर्धन, गोकुल, बरसाना, बाजना, राया और नंदगांव नगर पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

वहीं गिरिराज परिक्रमा मार्ग, कोकिलावन, वृंदावन परिक्रमा तथा



अन्य प्रमुख तीर्थस्थलों पर भी युद्धस्तर पर सफाई कार्य कराया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं पवित्र वातावरण मिल सके।

इस महाअभियान में हार्टनेसफुल संस्था भी सक्रिय सहभागिता निभा रही है। उनके स्वयंसेवक इस सेवा कार्य में जुटे हुए है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को गति प्रदान कर रही है।

जिलाधिकारी ने बताया कि ब्रज की स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर ब्रजवासी और प्रत्येक श्रद्धालु का धार्मिक कर्तव्य भी है। यदि ब्रज स्वच्छ रहेगा तो यहां आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था और अनुभव दोनों और अधिक दिव्य होंगे। इसी उद्देश्य के साथ ब्रज को स्वच्छ, सुंदर और विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

इस अभियान को जन अभियान बनाने के लिए विभिन्न संगठन को भी जोड़ा जा रहा है। गौरतलब रहे कि इस अभियान की रणनीति पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र और मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने माननीय मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनपद के शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में तैयार की थी।

### स्वच्छ ब्रज अभियान से जुड़ रहीं प्रतिष्ठित हस्तियां

'हम सबने ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' अभियान अब जनसहभागिता का व्यापक स्वरूप लेता जा रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अरुणवीर सिंह दर्शन के लिए वृंदावन पहुंचे। यहाँ उन्होंने इस अभियान में श्रमदान किया। उन्होंने उज्ज्वल ब्रज संस्था के सदस्यों के साथ पावन वृंदावन परिक्रमा मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को स्वच्छ ब्रज का संदेश दिया। इसी क्रम में शनिवार को मथुरा वृंदावन नगर निगम के उपसभापति श्री मुकेश सारस्वत ने भी अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक के साथ अभियान में सहभागिता करते हुए स्वच्छता कार्य में श्रमदान किया तथा नागरिकों से इस जनअभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

# वृन्दावन में प्रेम महाविद्यालय एसोसिएशन की नई प्रबंध समिति निर्वाचित



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** त्यागमूर्ति राजा महेंद्र प्रताप द्वारा वर्ष 1909 में स्थापित ऐतिहासिक प्रेम महाविद्यालय एसोसिएशन, वृन्दावन की प्रबंध समिति का त्रैवार्षिक चुनाव 23 जून को प्रेम महाविद्यालय भवन, केशीघाट में संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से प्रताप सिंह (पूर्व न्यायाधीश) को अध्यक्ष, देवेन्द्रपाल सिंह को उपाध्यक्ष, कुलदीप सिंह चौधरी को मंत्री तथा वर्षा कोयर एवं कृष्णपाल सिंह को संयुक्त मंत्री निर्वाचित किया गया। इसके अलावा नामदेव शर्मा, अमित सिंह, प्रताप सिंह रावत, प्रदीप चौधरी, वरुण सिंह चौधरी, योगेंद्र सिंह, रवींद्र सिंह, पारुल चौधरी, स्वामी ज्ञान प्रकाश एवं संजीव कुमार सिंह कार्यसमिति सदस्य चुने गए।

उल्लेखनीय है कि प्रेम महाविद्यालय एसोसिएशन के अंतर्गत प्रेम महाविद्यालय इंटर कॉलेज, वृन्दावन एवं प्रेम महाविद्यालय पॉलिटेक्निक, मथुरा संचालित हैं। बैठक के दौरान सभी निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राजा महेंद्र प्रताप जी की प्रतिमा एवं समाधि पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मुहर्रम पर नागरिक सुरक्षा विभाग ने संभाली कमान, पुलिस के साथ मुस्तैद रहे वार्डन



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** मुहर्रम के अवसर पर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिक सुरक्षा विभाग की पोस्ट संख्या 01 पूरी तरह सक्रिय रही और पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती नजर आई। नागरिक सुरक्षा मथुरा के उप नियंत्रक कश्मीर सिंह (राष्ट्रपति पदक से सम्मानित), सहायक उप नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव, चीफ वार्डन राजीव अग्रवाल, डिप्टी चीफ वार्डन कल्याण दास अग्रवाल, डिवीजनल वार्डन भारत भूषण तिवारी, डिप्टी डिवीजनल वार्डन राजेश कुमार मित्तल एवं सीनियर स्टाफ ऑफिसर दीपक चतुर्वेदी बैंकर के कुशल मार्गदर्शन में यह विशेष ड्यूटी संचालित की गई।

औरंगाबाद क्षेत्र के जुलूस मार्गों पर नागरिक सुरक्षा मथुरा की वार्डन पोस्ट संख्या 01 के पोस्ट वार्डन एवं मास्टर ट्रेनर अशोक यादव के नेतृत्व में विभाग के पदाधिकारी, वार्डन और फायर फाइटर्स पूरी सजगता के साथ तैनात रहे। सभी तैनात वार्डन और फायर फाइटर्स निर्धारित समय पर अपनी पूर्ण वर्दी (यूनिफॉर्म) और परिचय पत्र के साथ मुस्तैद दिखे। उच्चाधिकारियों की मॉनिटरिंग के बीच ड्यूटी के दौरान सभी सदस्यों को कड़े अनुशासन और पारदर्शिता के साथ कर्तव्यों का पालन करने के निर्देश दिए गए थे। नागरिक सुरक्षा विभाग के इस सक्रिय सहयोग और बेहतर समन्वय के चलते यह कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान ड्यूटी पर पोस्ट वार्डन अशोक यादव, डिप्टी पोस्ट वार्डन विकास सोनी, सेक्टर वार्डन वर्षा रामनाडी, राम सैनी, जितेंद्र कुमार, गुलशेर, शुभम कुमार निवेश्वरी, राजेश कुमार शिवहरे और हेमन्त मौजूद रहे। इनके साथ ही फायर फाइटर्स राहुल कुमार, रोहित कुशवाह, सोहन लाल, गोपाल सैनी, विनोद, श्याम सिंह, राम सिंह, पंकज, पवन, कन्हैया सैनी, धर्मेन्द्र कुमार, अविनाश कुमार, योगेश कुमार, आकाश, धर्मेन्द्र सैनी, सोनू शिवहरे, ऋषभ प्रताप सिंह, विनोद कुमार, नरेश अग्रवाल और अनुज कुमार ने भी व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गैलेक्सी आश्रम में निर्जला एकादशी पर हुआ सरस भजन संध्या का आयोजन



**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** पुष्पांजलि बैकुंठ, फेस-1 स्थित गैलेक्सी आश्रम में गैलेक्सी परिवार, करनाल के द्वारा प्रख्यात भागवताचार्य साध्वी मीरा शास्त्री के सानिध्य में निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर सरस भजन संध्या का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से सम्पन्न हुआ। जिसके अंतर्गत प्रख्यात भजन गायक आशीष राघव एवं उनके परिकर ने ठाकुर श्रीराधा-कृष्ण की महिमा से ओत-प्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया।

प्रख्यात भागवताचार्य साध्वी मीरा शास्त्री ने कहा कि गैलेक्सी परिवार अत्यन्त सेवाभावी व धार्मिक है।इसके द्वारा समय-समय पर अन्न क्षेत्र, निर्धन कन्या विवाह व अन्य सेवा प्रकल्प संचालित किए जाते हैं।इसके अलावा प्रत्येक एकादशी को भजन संध्या व भोजन प्रसाद की सेवा की जाती है।हमारा यह उद्देश्य है कि इसके द्वारा चलाए जा रहे सेवा प्रकल्पों का जल्द से जल्द विस्तार हो,जिससे और अधिक जरुरतमंद व्यक्ति इनसे लाभान्वित हो सकें।

कार्यक्रम में पधारे प्रख्यात साहित्यकार 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि साध्वी मीरा शास्त्री धर्म व अध्यात्म जगत की बहुमूल्य विभूति हैं। उन्होंने अल्प आयु में ही कई धर्म ग्रन्थों का अध्ययन कर समूचे देश में प्राचीन वैदिक सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया है।जो कि अविस्मरणीय है।

इस अवसर पर आश्रम के प्रबंधक कृष्णा उपाध्याय, आध्यात्मिक पत्रकार डॉ. राधाकांत शर्मा, इंजीनियर दिलीप तिवारी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने वन एवं पर्यावरण मंत्री से की मुलाकात, फार्मासिस्टों की प्रमुख मांगें उठाई

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि भूषण सिंह के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सचिव डॉ. राजाराम गंगवार एवं उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार के नेतृत्व में एसोसिएशन के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने माननीय वन, पर्यावरण संरक्षण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. अरुण कुमार सक्सेना से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के फार्मासिस्टों के हितों और उनकी लंबे समय से लंबित समस्याओं के संबंध में एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा।



प्रतिनिधिमंडल की बातों को बेहद गंभीरता से सुनते हुए मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र जारी कर एसोसिएशन के मांग पत्र को मूल रूप में संलग्न करते हुए फार्मासिस्टों के हितों को ध्यान में रखकर समुचित आदेश पारित करने का सहदय अनुरोध किया है।

मांग पत्र में 9 सूत्रीय मांगें शामिल हैं उत्तर प्रदेश में फार्मासिस्ट के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती करने,उपकेंद्रों पर फार्मासिस्ट के पद सृजित करते हुए नियुक्ति करने,फामेर्सी प्रैक्टिस एंड रेगुलेशन एक्ट (2015) को कोर्ट द्वारा आदेश का अनुपालन कराया जाने, होलसेल दवा व्यवसाय में फार्मासिस्ट की अनिवार्यता करने,शेड्यूल के को समाप्त करते हुए हर जगह दवा का वितरण, भंडारण एवं रख रखाव सिर्फ फार्मासिस्ट से कराये जाने,सी.एच.ओ. की भर्ती के लिए ब्रिज कोर्स कराकर फार्मासिस्ट की नियुक्ति करने, सभी फामेर्सी पर फार्मासिस्ट की भौतिक उपस्थिती अनिवार्य करने, फामेर्सी लाइसेंस के लिए फार्मासिस्ट का आधार संबंधित जिले का होना अनिवार्य किया जाए। ऑनलाइन फामेर्सी (दवा वितरण) को प्रतिबंधित करने जैसी मांगें शामिल हैं।

इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव विष्णु यादव, हर्षित अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और सक्रिय कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय स्तर से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को वांछित आरोपियों पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। थाना कपकोट पुलिस ने कोतवाली बागेश्वर में धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के वांछित अभियुक्त ललित कठायत उर्फ लक्की कठायत पुत्र खुशाल सिंह निवासी सरन कर्मी हाल-पालीडुगरा कपकोट को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। कपकोट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में पांच मुकदमे दर्ज है।

# पाबौ के सलाना में स्वतंत्रता सेनानी स्मृति द्वार का लोकार्पण



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जनपद के पाबौ क्षेत्र के ग्राम सलाना में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री त्रिलोक सिंह भंडारी जी की स्मृति में निर्मित 'त्रिलोक सिंह भंडारी स्मृति द्वार' का लोकार्पण किया।

श्री रावत ने कहा कि स्वर्गीय श्री त्रिलोक सिंह भंडारी जी का राष्ट्रसेवा, स्वतंत्रता संग्राम तथा समाज के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह स्मृति द्वार उनकी गौरवशाली विरासत, त्याग और देशभक्ति की भावना को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों के साथ उपस्थित होकर स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को नमन किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। पटोटी से मतोली मोटर मार्ग डामरीकरण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया कैबिनेट मंत्री ने पाबौं क्षेत्र के ही ग्राम मतोली में पटोटी से मतोली मोटर मार्ग डामरीकरण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया।

उन्होंने बताया कि यह महत्वपूर्ण मार्ग 3.50 कि.मी. की स्वीकृत लंबाई एवं 419.48 लाख की स्वीकृत लागत से निर्मित किया जाएगा। मार्ग के डामरीकरण से क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद भी किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी नीतियों एवं विकास कार्यों से प्रभावित होकर अनेक ग्रामवासियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सभी नए सदस्यों का पार्टी परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही लोगों को आश्वस्त किया कि उनका क्षेत्र के विकास, जनसेवा एवं जनकल्याण के लिए हमारा संकल्प निरंतर जारी रहेगा।

# श्रीधाम वृन्दावन की बहुमूल्य विभूति थे शुकाचार्य पीठाधीश्वर डॉ. रमेश चन्द्र विधिशास्त्री महाराज

**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** केशी घाट मोड़-गोपीनाथ बाजार स्थित शुकाचार्य पीठ के अध्यक्ष आचार्य डॉ. रमेश चन्द्र विधिशास्त्री महाराज का वैकुण्ठ-वास दिनांक 26 जून शुक्रवार को ब्रह्म-मुहूर्त में हो गया है।जिनकी श्रद्धांजलि सभा दिनांक 28 जून 2026 रविवार को सायं 04 से 05 बजे तक भगवान दास कृपा धाम, श्रीजानकी वल्लभ मंदिर, निकट केशी घाट, श्रीधाम वृन्दावन में आयोजित होगी।जिसमें नगर के समस्त सन्त, विद्वान, भक्त-श्रद्धालु उनके चित्रपट के समक्ष अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शुकाचार्य पीठाधीश्वर डॉ. रमेश चन्द्र विधिशास्त्री महाराज के आकस्मिक वैकुण्ठ गमन पर अपनी भावांजलि व्यक्त करते हुए ब्रज साहित्य सेवा मंडल के अध्यक्ष व प्रख्यात साहित्यकार 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि बैकुंठवासी डॉ. रमेश चन्द्र विधिशास्त्री महाराज श्रीधाम वृन्दावन की बहुमूल्य विभूति थे। वे श्रीमद्भागवत, रामायण, भगवद्गीता आदि कई धर्मग्रंथों के प्रकांड विद्वान थे।साथ ही उन्हें हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत व बांग्ला सहित कई भाषाओं में महारथ हासिल था। उनके



न रहने से धर्म व अध्यात्म जगत को जो अपूर्णनीय क्षति हुई है,उसकी भरपाई कर पाना असंभव है।वे अपने पीछे श्रीमती विनीता आचार्य (धर्मपत्नी), आचार्य भूतिकृष्ण (सुपुत्र),विष्णुप्रिया-गौरव (पुत्री-दामाद) व राधिका-हर्षद आदि के रूप में शोकाकुल परिवार को छोड़ गए हैं। बैकुण्ठवासी डॉ. रमेश चन्द्र विधिशास्त्री महाराज के आकस्मिक निधन पर श्रीमज्जगद्गुरु विष्णुस्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले), पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री, भागवताचार्य मृदुलकांत शास्त्री, आध्यात्मिक पत्रकार डॉ. राधाकांत शर्मा एवं विष्णु दान शर्मा आदि ने भी शोक व्यक्त किया है।

# साइक्लिंग के बेताज बादशाह बन रहे अनुनय

## पहले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाया जलवा, अब अल्मोड़ा में गोल्ड मैडल जीतकर अपनी प्रतिभा का बिखेरा जलवा

**गोविन्द मेहता**

**बागेश्वर(वेलकम इंडिया)।** अल्मोड़ा में आयोजित हुई जात्रा कसार फेस्टिवल की अंडर-16 साइकिल प्रतियोगिता में कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र अनुनय जोशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।



अपने पिता से साइकलिंग के गुरों को सीखकर बचपन से ही टीवी और शोशल मीडिया में साहसिक साइकलिंग करने वाले माउंटनेरो कि वीडियो देखकर उनका अनुसरण कर कठिन से कठिन रास्तों में साइकिल यात्रा करने में माहिर अनुनय ने प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र तथा 20 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।

अल्मोड़ा के डीनापानी मैदान में 24 से 28 जून तक आयोजित जात्रा कसार फेस्टिवल के तहत हुई साइकिल प्रतियोगिता में अंडर-16 वर्ग के 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले में अनुनय जोशी ने सभी को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान अपने नाम किया। अनुनय इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए रजत पदक प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय साइकिल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया था। अनुनय के पिता हरीश जजोशी एक सफल पर्वतारोही और कठिन पहाड़ी रास्तों में साइकिल यात्रा कर चुके हैं। वही वर्तमान में कांडा कोषाधिकारी कार्यालय में उपकोषाधिकारी हैं, जबकि उनकी माता रश्मि जोशी जिला कार्यालय में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं। अनुनय अब राष्ट्रीय,अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले का नाम रोशन करना चाहते है। अनुनय की उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया, जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, जिलाधिकारी अर्पिता पांडे, सीडीओ आरसी तिवारी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले का नाम रोशन करने के लिए तैयारी करने और उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है।

# मन्दबुद्धि युवा यमुना में कूदा, शव मिला, परिजनों में मची चीख पुकार

**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** थाना सदर क्षेत्र स्थित लक्ष्मी नगर यमुना पुल से यमुना में कूदे 35 वर्षीय युवक मनीष का शव शनिवार सुबह बरामद कर लिया गया। मृतक थाना गोविंद नगर क्षेत्र के महाविद्या पानी की टंकी के पास का निवासी था।परिजनों के अनुसार, शुक्रवार 26 जून 2026 को दोपहर करीब 2 बजे मनीष घर से निकलने के बाद लक्ष्मी नगर पुल पहुंचा और यमुना में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शी नाविकों ने पहली बार उसे बचाकर बाहर निकाला और काफी समझाने के बाद वहां से भेज दिया। लेकिन कुछ देर बाद युवक दोबारा यमुना में कूद गया, जहां दलदल में फंसने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार सुबह जब परिजन उसकी तलाश करते हुए यमुना पुल पहुंचे और निषादों से जानकारी ली, तो उन्होंने बताया कि यही युवक शुक्रवार को यमुना में कूदा था, जिसका शव अब बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ (मंदबुद्धि) था। परिजनों के अनुसार वह अक्सर अपनी मां से कहता था, 'मेरी शादी करवा दो।'

# नशामुक्ति अभियान में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ. अशोक कुमार वर्मा सम्मानित

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**करनाल।** हरियाणा पुलिस के उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। वे ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार, IPS के दिशानिदेर्शों से पूरे प्रान्त में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हैं। पिछले पांच दिनों में जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें नशा मुक्ति अभियान में उत्कृष्ट सेवाओं एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए विभिन्न स्थानों पर सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर फरीदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पुलिस मुख्यालय उपायुक्त हिमाद्री कौशिक (आईपीएस) द्वारा सम्मानित किया गया। इससे पूर्व गुरुग्राम में पुलिस आयुक्त सिबास कविराज (आईपीएस) तथा सोनीपत में पुलिस आयुक्त ममता सिंह द्वारा भी अलग-अलग कार्यक्रमों में उन्हें सम्मानित किया गया। उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा वर्ष 2020 से हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अंतर्गत कार्य करते हुए पूरे प्रदेश में नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा के सभी जिलों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में हजारों जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया है तथा नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया है। विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि डॉ. वर्मा हरियाणा सरकार की नशामुक्ति साइकिल यात्रा में दोनों बार सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। उन्होंने साइकिल के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न गांवों और शहरों में पहुंचकर लोगों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। पर्यावरण प्रहरी के रूप में वे सदा साइकिल पर ही चलते हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अंतर्गत कार्य करते हुए डॉ. वर्मा अब तक 600 से अधिक व्यक्तियों को नशामुक्त करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। वहीं प्रदेशभर में वे 4600 से अधिक नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 18 लाख लोगों को नशामुक्त जीवन का संकल्प दिलवा चुके हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. वर्मा की समर्पित सेवाओं, जन-जागरूकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा पुनर्वास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान हरियाणा को नशामुक्त बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी है। उल्लेखनीय है कि डॉ. अशोक कुमार वर्मा करनाल शहर के निवासी हैं और पिछले कई वर्षों से नशा उन्मूलन, जन-जागरूकता तथा पुनर्वास के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे पुलिस विभाग के सर्वोच्च रक्तदाता भी हैं जो 183 बार रक्तदान 89 बार प्लेटलेट्स और 1 बार प्लाज्मा दान कर चुके हैं। मरणोपरांत देह दान और नेत्र दान का संकल्प ले चुके हैं। उन्होंने अपने दो दिवंगत भाइयों विनोद कुमार खिप्पल और यशवंत कुमार खिप्पल के मरणोपरांत नेत्रदान कराए हैं। इसके साथ ही अनेक लोगों के भी नेत्रदान करा चुके हैं।

# डीएम ने पल्स पोलियो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा पल्स पोलियो अभियान की जनपद स्तरीय रैली को जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद के प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पल्स पोलियो अभियान रैली स्कूल के बच्चों के द्वारा वैण्ड बाजे एवं उल्लास के साथ पल्स पोलियो जागरूकता हेतु निकाली गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि कि जन-जागरूकता एवं आमजन के पूर्ण सहयोग से ही पोलियो जैसी बीमारी का उन्मूलन कर पाना सम्भव हुआ है। दिनांक 28 जून, 2026 को जनपद में बूथ दिवस का आयोजन किया जायेगा जिसमें 0-5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इसी कम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामानुज कनौजिया द्वारा बाताया गया कि जनपद संत कबीर नगर में 0-5 वर्ष के कुल लक्षित बच्चे 311141 बच्चों को शत-प्रतिशत पोलियो पिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिस हेतु नगरीय क्षेत्र खलीलाबाद में 27 बूथ सहित कुल 09 विकास खण्डों में 858 बूथ बनाकर लक्षित बच्चों को पोलियो ड्राप से आच्छादित किया जायेगा। इसी कम में 489 हाउस-टू-हाउस टीमों के साथ-साथ 28 ट्रांजिट एवं 13 मोबाइल टीमें लगायी गयी हैं जो दिनांक 29 जून, 2026 से 03 जुलाई, 2026 तक घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो ड्राप से आच्छादित करेंगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए समय से बूथ संचालित कराये जानें तथा कोल्डचेन का सख्ती से पालन किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये।

# आफताब आलम उर्फ गुड्डू भैय्या से मिलने पहुंचे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** सुभासपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आफताब आलम उर्फ गुड्डू भैय्या जी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर सेमरियावा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों व समाजसेवियों के साथ लखनऊ स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर मुबारकबाद दिये।

इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद ने कहा कि सुभासपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आफताब आलम उर्फ गुड्डू भैय्या को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पार्टी और मजबूती से उभरेगी। उन्होंने कहा कि आफताब आलम उर्फ गुड्डू भैया लोकप्रिय नेता हैं। उन्हें यह जिम्मेदारी दिये जाने पर उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। इस अवसर पर इरशाद अहमद, हाजी मोहम्मद हुसैन, तुफैल अहमद, गुफरान मुनीर, इसरार अहमद, रुहुल्लाह चौधरी, बाबू भाई, अब्दुल हकीम, छोटू भैया, फैय्याज अहमद एवं अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# परसीपुर में डीएम ने ग्रामीणों से किया संवाद, जनकल्याणकारी योजनाओं की ली जानकारी

विजय द्विवेदी



**प्रतापगढ़(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने विकास खण्ड कुण्डा के ग्राम बछन्दामऊ स्थित सूरज प्रेरणा लघु उद्योग राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) टीएचआर इकाई का निरीक्षण कर तैयार किए जा रहे पुष्टाहार की गुणवत्ता एवं निर्मित प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह (ए0ओ0पी0) की महिलाओं द्वारा संचालित इकाई में तैयार किएं जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा उत्पादन संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने इकाई में निर्मित किए जा रहे पुष्टाहार के विभिन्न घटकों, उसकी पैकेजिंग, भंडारण व्यवस्था एवं स्वच्छता मानकों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद स्थापित करते हुए उत्पादन प्रक्रिया, कच्चे माल की उपलब्धता, तैयार उत्पाद की गुणवत्ता तथा वितरण व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इस दौरान महिलाओं ने टीएचआर इकाई के संचालन एवं कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी जिलाधिकारी को उपलब्ध कराई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण से जुड़े उत्पादों की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तैयार किए जा रहे पुष्टाहार के नमूनों की समय-समय पर प्रयोगशाला से जांच कराई जाए, ताकि निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त उत्पाद लाभार्थियों तक पहुंच सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुण्डा वाचस्पति सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने शिकायत के प्रकरण के सम्बन्ध में विकास खण्ड कुण्डा के ग्राम परसीपुर में जाकर स्थलीय निरीक्षण कर प्रकरण के निस्तारण हेतु मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी कुण्डा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये एवं ग्रामवासियों से संवाद कर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली एवं फीडबैक प्राप्त किया।

# बुढ़ाना बस अड्डे पर परचून की दुकान का ताला तोड़कर चोरी, नगदी समेत हजारों का सामान ले उड़े चोर

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के बुढ़ाना बस अड्डे स्थित एक परचून की दुकान का ताला तोड़कर चोर नकदी और हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी शनिवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे व्यापारी को हुई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कस्बा निवासी अशोक जैन की बुढ़ाना बस अड्डे पर परचून की दुकान है, जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। शनिवार सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले में रखी नकदी के साथ हजारों रुपये का कीमती सामान गायब था।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पीड़ित व्यापारी ने चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

# जामुन के पेड़ से गिरकर 15 वर्षीय किशोर की मौत

## मजदूरी कर विधवा मां चार बहनों और दिव्यांग भाई का कर रहा था पालन-पोषण, गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी 15 वर्षीय किशोर की जामुन के पेड़ से गिरने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। किशोर की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

शनिवार को परिजनों ने गमगीन माहौल में उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी 15 वर्षीय इखलास पुत्र स्वर्गीय औरंगजेब पड़ोस के एक व्यक्ति के साथ जामुन तोड़ने गया था। बताया जाता है कि जामुन तोड़ते समय अचानक उसका पैर फिसल गया, जिससे वह पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए शामली के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद करनाल के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। करनाल के अस्पताल में उपचार के दौरान इखलास ने दम तोड़ दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और मोहल्ले में भी मातम का माहौल छा गया।

किशोर के पिता का पहले ही निधन हो चुका था। पिता की मौत के बाद परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उसके नन्हे कंधों पर आ गई थी। वह मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। परिवार में चार बहनें अभी अविवाहित हैं, जबकि एक बहन का विवाह हो चुका है।

इसके अलावा उसका एक छोटा भाई दिव्यांग है। ऐसे में इखलास की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और उनके सामने आर्थिक संकट भी गहरा गया है ।शनिवार को शव को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

# तंत्र क्रिया के नाम पर महिला से ठगी, चोर का नाम बताने के बहाने ऐंठे रुपये

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे में तंत्र क्रिया के नाम पर एक महिला से हजारों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तांत्रिक ने चोरी का खुलासा करने के नाम पर महिला से दो बार रुपये लिए और अलग-अलग लोगों पर चोरी का आरोप लगाकर विवाद खड़ा करा दिया।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ीश्याम निवासी सतबीरी के घर से एक सप्ताह पहले 30 हजार रुपये चोरी हो गए थे। महिला को जानकारी मिली कि कस्बे में एक व्यक्ति तंत्र क्रिया के जरिए चोरी का पता बताता है।

इस पर वह उसके पास पहुंची। आरोप है कि आरोपी ने चोर का नाम बताने के नाम पर पहले 5,100 रुपये लिए और दावा किया कि पड़ोस की एक वृद्ध महिला ने चोरी की है। महिला ने घर पहुंचकर वृद्ध महिला पर चोरी का आरोप लगा दिया, जिससे दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।

मामला शांत होने पर वृद्ध महिला के परिजनों ने आरोप का आधार पूछा तो पीड़िता ने तांत्रिक के बारे में बताया। इसके बाद दोनों पक्ष आरोपी के पास पहुंचे। आरोप है कि उसने दोबारा 2,100 रुपये लेकर इस बार एक अन्य पड़ोसी का नाम चोर के रूप में बता दिया। इससे पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ और उसने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आरोप है कि वह लंबे समय से तंत्र क्रिया के नाम पर लोगों से रुपये ठग रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में पुरानी रंजिश के चलते एक ही समुदाय के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया और कई लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी वसी हैदर और इस्ताखार पक्ष के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा था। शनिवार को पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। संघर्ष के दौरान दोनों ओर से लाठी-डंडों के साथ धारदार हथियार भी चले, जिससे कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हल्का बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को अलग किया। पुलिस ने घायल रजब अली और अमीर मोहम्मद जो वासी हैदर पक्ष व इस्तखार पक्ष से दिलावर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इसके अलावा कई लोगों को हिरासत में लिया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमारका कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



# रोटरी क्लब के साइक्लोथॉन में विशिष्ट अतिथि रहे सुभासपा के जिलाध्यक्ष रवि चौधरी

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**मुरादाबाद।** स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण एवं फिटनेस के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब मुरादाबाद नव्यम द्वारा शनिवार प्रातः भव्य साइक्लोथॉन (Cyclothon) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीएम सिटी, मुरादाबाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष, मुरादाबाद एवं माननीय कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के प्रतिनिधि रवि चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साइक्लोथॉन में शहर के विभिन्न विद्यालयों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अम्बेडकर पार्क, पीली कोठी से निर्धारित मार्ग पर साइक्लिंग करते हुए स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं फिट इंडिया का संदेश दिया। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का उत्साह देखने योग्य था। इस अवसर पर अपने संबोधन में रवि चौधरी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम, योग एवं साइक्लिंग जैसी गतिविधियाँ अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने रोटरी क्लब मुरादाबाद नव्यम की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी आयोजनों के निरंतर आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट) एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, सहयोगी संस्थाओं एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# थाना समाधान दिवस में पहुंचीं तीन शिकायतें, अधिकारियों ने दिए निस्तारण के निर्देश

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** शासन के निर्देश पर शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार एवं नायब तहसीलदार सतीश यादव ने की।

समाधान दिवस में कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। एलम निवासी योगेंद्र पवार ने शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने प्लॉट की चारदीवारी कराना चाहते हैं, लेकिन पड़ोसी इसमें बाधा उत्पन्न कर रहा है।

वहीं एलम के पूर्व सभासद सोनू पवार ने खाद गड्ढों पर किए गए कथित अतिक्रमण की शिकायत करते हुए उन्हें कब्जामुक्त कराने की मांग की।

इसके अलावा गांव मलकपुर निवासी वासिफ ने आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी जाबिर ने खेत की नाली काटकर अपने खेत में मिला ली है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती है। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई एवं शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग की टीम एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# 40,000 करोड़ रुपए के आयातित प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) का उत्पादन अब होगा देश के अंदर,जेवर बनेगा उत्पादन का प्रमुख केंद्रः अश्विनी वैष्णव

## बुलेट ट्रेन के माध्यम से दिल्ली से लखनऊ का सफर मात्र दो घंटे दस मिनट में पूरा होगा जबकि जेवर से लखनऊ जाने में केवल एक घंटा चालीस मिनट लगेगाः केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

संतोष कुमार सिंह









**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय रेल,सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को गौतमबुद्ध नगर के जेवर की यमुना सिटी में लगभग 6,750 करोड़ रुपये के निवेश वाली दो प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुये केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जेवर आने वाले वर्षों में देश के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जिस अत्याधुनिक प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) का लगभग 40,000 करोड़ रुपये का आयात भारत करता था उसका निर्माण अब देश में ही होगा और इसकी शुरूआत जेवर से होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का आधार प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) है जिसमें अत्यंत जटिल बहु- स्तरीय (मल्टी-लेयर) सर्किट तकनीक का उपयोग होता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस उच्च तकनीक का निर्माण भारत में होने से इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई गति मिलेगी।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर के बाद अब जेवर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का भी बड़ा केंद्र बनने जा रहा है उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की अनेक नई परियोजनाएं उत्तर प्रदेश में स्थापित होंगी और राज्य देश के अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित होगा।

दिल्ली-लखनऊ-वाराणसी-पटना-सिलीगुड़ी बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का जिक्र करते हुये केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वीकृत बुलेट ट्रेन परियोजना उत्तर प्रदेश के परिवहन परिदृश्य में ऐतिहासिक बदलाव लाएगी। इसके संचालन के बाद दिल्ली से लखनऊ की यात्रा लगभग दो घंटे दस मिनट तथा जेवर से लखनऊ की यात्रा मात्र एक घंटा चालीस मिनट में पूरी की जा सकेगी उन्होंने कहा कि यह परियोजना औद्योगिक विकास,निवेश और रोजगार को नई गति प्रदान करेगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर दस स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (एटउ) में स्थापित होने वाली पहली औद्योगिक इकाई की भी आधारशिला रखी। केंद्र सरकार के सहयोग से विकसित किये जा रहे 206 एकड़ क्षेत्रफल के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर का विकास लगभग 417 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है जिसमें केंद्र सरकार का 144 करोड़ रुपये का योगदान है। यह क्लस्टर उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का निर्माण

'सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम' के अंतर्गत शुरू किया गया भारत सेमीकंडक्टर मिशन (क्श्ट) देश में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) का एक मजबूत एवं व्यापक इकोसिस्टम विकसित कर रहा है। जून 2026 तक सरकार ने लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपए के निवेश वाले 12 सेमीकंडक्टर विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है इनमें एक सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन यूनिट,दो कंपाउंड सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन यूनिट तथा नौ सेमीकंडक्टर पैकेजिंग यूनिट शामिल हैं।

यह मिशन 'डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (उछक)' योजना के माध्यम से भारत के सेमीकंडक्टर डिजाइन इकोसिस्टम को भी सुदृढ़ बना रहा है अब तक 24 डिजाइन परियोजनाओं को सहायता प्रदान की जा चुकी है 105 कंपनियों को उन्नत इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (एउथ) टूल्स तक पहुंच उपलब्ध कराई गई है तथा विभिन्न फाउंड्रीज में उन्नत प्रौद्योगिकी नोड्स सहित 23 चिप टेप-आउट सफलता पूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' का उद्देश्य सेमीकंडक्टर उपकरणों एवं सामग्रियों, स्वदेशी बौद्धिक संपदा,मजबूत आपूर्ति श्रृंखला तथा उन्नत विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देना है। यह पहल वैश्विक स्तर पर एक विश्वसनीय सेमीकंडक्टर हब के रूप में भारत की पहचान को और अधिक सशक्त बनायेगी।

# 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, 1.75 लाख रत्नों से सजे मुकुट होंगे मुख्य होंगे

वेलकम इंडिया संवाददाता





**प्रयागराज।** श्री जगन्नाथ जी रथयात्रा महोत्सव समिति (बड़ा रथ) प्रयागराज चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा 16 जुलाई, गुरुवार को प्रातः 11 बजे हिवेट रोड स्थित श्री शिव-दुर्गा-हनुमान मंदिर (निकट केला भवन) से निकाली जाएगी। रथयात्रा हिवेट रोड, जानसेनगंज, लोकनाथ, राम भवन होते हुए गुडिचा मंदिर, छोटा चौराहा, मुट्ठीगंज पर संपन्न होगी।

रथयात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार, राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने तथा समाज सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा तीन भव्य रथों पर विराजमान रहेंगे।

1.75 लाख से अधिक रत्नों से सुसज्जित जड़ाऊ मुकुट एवं आभूषण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण होंगे। शोभायात्रा में झांकियां, बैंड-बाजे, ढोल-ताशे, हाथी, तोपों की सलामी सहित हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे।

रथयात्रा से पूर्व 29 जून को स्नान पूर्णिमा एवं गजानंद वेश, 15 जुलाई को बाइक रैली (उद्घोष यात्रा) तथा 19 जुलाई को छप्पन भोग महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

रथयात्रा संयोजक अभिषेक मित्तल एवं समिति के मोहित कुमार जायसवाल ने भी सभी शहरवासियों से सहयोग एवं सहभागिता का आग्रह किया।

समिति के संरक्षक डॉ. बी. बी. अग्रवाल ने सभी श्रद्धालुओं एवं सनातन प्रेमियों से इस भव्य एवं ऐतिहासिक रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# चार दिन से लापता पूर्व प्रधान का शव काली नदी में मिला



वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** ग्राम पंचायत पारौली के पूर्व प्रधान सुनील कुमार राघव का शव ग्राम फरीदपुर के पास काली नदी में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल की।

परिजनों के अनुसार, 24 जून की रात सुनील कुमार राघव खेतों में सिंचाई करने के लिए नलकूप पर गए थे, लेकिन वापस घर नहीं लौटे। तलाश के दौरान काली नदी के किनारे उनकी चप्पल और मोबाइल फोन मिला था। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। शनिवार को सर्च अभियान के दौरान उनका शव काली नदी से बरामद हुआ। शिकारपुर सीओ प्रमोद कुमार सिंह ने बताया है कि शव पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रीबॉर्न ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष सतनाम सिंह को लखनऊ में 'नेशनल सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड' से किया जाएगा सम्मानित

संतोष कुमार सिंह



**चन्दौली(वेलकम इंडिया)।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय),चंदौली के प्रख्यात सोशल एक्टिविस्ट,रीबॉर्न ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष एवं नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा),उत्तर प्रदेश के चंदौली जनपद अध्यक्ष सतनाम सिंह को सामाजिक सरोकारों,मानव सेवा,रक्तदान जागरूकता एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 28 जून 2026 को लखनऊ में आयोजित 'संवेदना -2' नेशनल सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड समारोह में नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) द्वारा 'नेशनल सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा।

यह सम्मान वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस,इंग्लैंड की मान्यता के साथ प्रदान किया जाएगा। यह भव्य सम्मान समारोह इंटरनेशनल ब्लड डोनेशन एंड अवेयरनेस कैंपेन के अंतर्गत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय,शहीद पथ लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित होगा। समारोह में देशभर से सामाजिक,शैक्षिक,सांस्कृतिक एवं मानवीय क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों, रक्तदाताओं, वॉलंटियर्स,स्वयंसेवी संस्थाओं, कलाकारों एवं विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सतनाम सिंह वर्तमान में निफा,उत्तर प्रदेश के चंदौली जनपद अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सक्रिय जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं वहीं रीबॉर्न ट्रस्ट के माध्यम से वे लंबे समय से रक्तदान जागरूकता, जरूरतमंदों की सहायता,युवा सशक्तिकरण,स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों का संचालन कर रहे हैं।

उनके नेतृत्व में संस्था ने जनहित एवं मानव सेवा से जुड़े अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक जन-जन तक पहुँचाया है इन्हीं उल्लेखनीय योगदानों के आधार पर उन्हें इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान के लिए चयनित किया गया है।

सम्मान की घोषणा पर सतनाम सिंह ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि रीबॉर्न ट्रस्ट एवं निफा से जुड़े प्रत्येक वॉलंटियर,रक्तदाता, सहयोगी एवं शुभचिंतक के सामूहिक समर्पण का सम्मान है उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें भविष्य में भी समाजहित एवं मानवता की सेवा के कार्यों को और अधिक समर्पण एवं ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगी।

साथ ही उन्होंने युवाओं से रक्तदान एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# बड़गांव थानाध्यक्ष नरेन्द्र भड़ाना ने अपराधीक धमकी देने वाले पर कसा शिकंजा

## तमंचे के साथ वांछित अभियुक्त संदीप गिरफ्तार

राजीव चौधरी

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** सहारनपुर की बडगाँव पुलिस ने थानाध्यक्ष नरेन्द्र भड़ाना के नेतृत्व में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले पर शिकंजा कसते हुए अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। रास्ते के विवाद में गंभीर धमकी देने वाले वांछित अभियुक्त संदीप को गिरफ्तार कर पुलिस ने आरोपी को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के पास से दबोचा। 25 जून को ग्राम भगवानपुर में ईंट हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। पीड़ित योगेश की तहरीर पर दर्ज मुकदमे की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने यह सफलता पाई। अभियुक्त संदीप के कब्जे से घटना में इस्तेमाल 01 देशी तमंचा और 01 जिंदा कारतूस (315 बोर) बरामद हुआ है, जिसके बाद केस में आर्म्स एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई हैं।

# उत्तर प्रदेश में पहली बार पांच लाख की प्राइज मनी वाली मान्यता प्राप्त ओपन कैरम चैंपियनशिप 29 जून से,कैमरे की निगरानी में होंगे मुकाबले

संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश के कैरम खेल के इतिहास में पहली बार गौतम बुद्ध नगर कैरम एसोसिएशन के नेतृत्व और खेल उपकरण बनाने वाली हिंदुस्तान की अग्रणी कंपनी सैन्कों के सहयोग तथा उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन की देखरेख और आल इंडिया कैरम फेडरेशन के संरक्षण में पांच लाख के नगद इनाम वाली मान्यता प्राप्त ओपन प्राइज बनी कैरम प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन 29 जून को ग्रेटर नोएडा के होटल ब्लू डायमंड में (नियर मेट्रो स्टेशन) के पास होने जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 29 जून को प्रातः 8:30 बजे मुख्य अतिथि के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय कैरम महासंघ के अध्यक्ष जोसफ मेयर साहब करेंगे। नॉकआउट आधार पर खेले जाने वाले इस दो दिवसीय ओपन प्राइज मनी कैरम टूनार्मेंट में उत्तर प्रदेश सहित देश के दर्जनों प्रदेशों के सभी जाने माने महिला पुरुष कैरम खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। इस प्राइस मनी ओपन कैरम टूनार्मेंट की विशेषता यह है कि इसके सभी मैच अम्पायर रहित अर्थात आन कैमरा सम्पन्न कराये जायेंगे जिसमें खिलाड़ी ही एक दूसरे के निर्णायक होंगे और वही स्कोरिंग भी करेंगे जिसको चीफ रेफरी टेबल पर परिणाम संगणना के लिए एकत्रित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठा परक प्राइस मनी ओपन कैरम टूनार्मेंट के आयोजन कमेटी में प्रधान संरक्षक के रूप में इंटरनेशनल सेक्रेटरी जनरल बीडी नारायण,फेडरेशन प्रेसिडेंट सांसद रकीबुल हुसैन साहब और उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के प्रधान संरक्षक डॉक्टर अशोक सिंह संरक्षक की भूमिका का निर्वाह करेंगे।

# मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

वेलकम इंडिया संवाददाता




**बुलन्दशहर।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 अनिल कुमार शर्मा बुलंदशहर के विरुद्ध गंभीर वित्तीय अनियमितताओं एवं पद के दुरुपयोग की शिकायत शपथ पत्र द्वारा की गयी तभी से अधिकारी द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर मूल शिकायत को अपने ही कार्यालय में मंगाकर व सरकारी अभिलेखो में हेरा-फेरी कर लगातार जांच को प्रभावित किया जा रहा है माननीय लोकायुक्त लखनऊ के क्रम में जांच निम्नलिखित अधिकारियों के स्तर पर लम्बित है भरत राम ए0डी0एम0 न्यायिक, बुलन्दशहर आसिफ, वरिष्ठ कोषाधिकारी बुलन्दशहर दिनेश कुमार एस0डी0एम0जे0 बुलंदशहर ग्राम अकबरपुर रेना, विकास खंड अगौता, जनपद बुलंदशहर निवासी सुनील कुमार पुत्र रतिराम ने जनपद बुलंदशहर के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार शर्मा के विरुद्ध गंभीर वित्तीय अनियमितताओं सरकारी धन के कथित दुरुपयोग एवं पद के दुरुपयोग संबंधी शिकायत शपथ-पत्र एवं दस्तावेजी साक्ष्यों सहित प्रस्तुत की है शिकायतकर्ता के अनुसार प्रस्तुत शिकायत में निम्नलिखित प्रमुख आरोप लगाए गए हैं सरकारी वाहन का कथित दुरुपयोग शिकायत के अनुसार शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा वाहन (UP-13AG-0349) का निजी उपयोग किया जा रहा है तथा वाहन उपयोग के लिए निर्धारित 800 प्रतिमाह की राजकोषीय जमा राशि जमा नहीं की जा रही है।

चिकित्सा प्रतिपूर्ति में कथित अनियमितता शिकायतकर्ता का आरोप है कि डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने अपनी सेवायोजित पुत्री के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के रूप में लगभग 1,02,836/- का भुगतान नियमों के विरुद्ध प्राप्त किया 3.कथित फर्जी/अनियमित बिलों के माध्यम से भुगतान शिकायत के अनुसार M/s DP Art Service Shop&20, साठा रोड, बुलंदशहर के नाम से जारी बिल संख्या 100, 101 एवं 104 सहित अन्य बिलों के आधार पर भुगतान किया गया जबकि संबंधित सामग्री की स्टॉक पंजिका में प्रविष्टि नहीं है तथा जेम (GeM) पोर्टल से खरीद भी नहीं की गई 4.वर्ष 2019 के कालातित चिकित्सा बिलों का भुगतान शासन की स्वीकृति के बिना, स्वय ही स्वीकृत कर वर्ष 2024 में किया गया, जो वित्तीय नियमों के विरूद्ध तथा गम्भीर वित्तीय/प्रशासनिक अनियमितता की गयी है जांच संबंधी स्थिति शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत शपथ-पत्र एवं दस्तावेजों के आधार पर मामले का संज्ञान लोकायुक्त लखनऊ द्वारा लिया गया है जिसके क्रम में जांच अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता ने निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराकर दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई किए जाने की मांग की है शिकायतकर्ता ने प्रदेश सरकार जिला प्रशासन लोकायुक्त एवं अन्य सक्षम अधिकारियों से अनुरोध किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सत्य सामने लाया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग पर रोक लगाई जा सके।

# बिजली कटौती से परेशान महिलाओं ने एसडीओ और एक्सईएन को भेंट की चूड़ियां

## 48 घण्टे से लगातार ट्रिपिंग से परेशान उपभोक्ताओं का टूट सब्र का बांध, बिजली घर पर एसडीओ और एक्सईएन को बंधक बनाया



### जेई ने नहीं उठाया एसडीओ का फोन

धरना स्थल पर घिरे एसडीओ ने सभी लोगों के सामने ही जेई को फोन लगाया। लेकिन जेई ने फोन ही नहीं उठाया। इसके बाद एसडीओ ने लगातार कई बार जेई को फोन मिलाया लेकिन जेई ने एसडीओ की एक भी कॉल रिसीव नहीं की।

### महिलाओं ने भेंट की अधिकारियों को चूड़ी

टाउन बिजली घर पर हंगामे के दौरान दर्जनों महिलाओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त की। महिलाओं ने धरने में मौजूद दोनों अधिकारियों को चूड़ियां भेंट कर दीं। जिसके बाद एक्सईएन ने इस हरकत को लेकर नाराजगी व्यक्त की। महिलाओं ने कहा कि बिजली कटौती के कारण गर्मी में बच्चे सो नहीं पा रहे हैं।

### एसडीओ ने अधीक्षण अभियंता से की जेई की शिकायत

धरने की जानकारी बुलन्दशहर के बड़े अफसरों को लगी तो स्थानीय अधिकारियों के फोन भी घनघनाने लगे। इसी दौरान एसडीओ ने अधीक्षण अभियंता ( एस ई ) को जेई के अपने स्टेशन से लगातार नदारद रहने की जानकारी भी दी। अधीक्षण अभियंता ने जेई को तत्काल हटाने के लिए भी एसडीओ को निर्देश दिए हैं।

### दो लाइनमैनों के भरोसे रहता है पूरा शहर

हर रोज बिजली की आंखमिचौली जारी रहती है। रात में पूरा शहर महज दो लाइनमैनों के भरोसे रहता है। शुक्रवार की देर रात भी शहर के अलग अलग हिस्से में तारों में हुए फाल्ट को सही करने के लिए दोनों लाइनमैन पूरी रात दौड़ते रहे। लेकिन इसके बावजूद भी लाइट नहीं मिल पाई।

वेलकम इंडिया संवाददाता

**जहांगीराबाद।** नगर में पिछले 48 घण्टे से बिजली की अघोषित कटौती झेल रहे बिजली उपभोक्ताओं का सब्र का बांध शनिवार को टूट गया। शनिवार की दोपहर लगभग 12 बजे कटौती से नाराज सैकड़ों उपभोक्ताओं ने पूर्व विधायक होशियार सिंह सहित नगर के टाउन बिजली घर का घेराव किया। घेराव के दौरान बिजली घर पर विद्युत विभाग के सभी अधिकारी नदारद मिले। नाराज उपभोक्ताओं ने एक्सईएन और एसडीओ को मौके पर बुलाने के लिए फोन किया जिसके बाद एक्सईएन सौरभ मिश्रा और एसडीओ दयाशंकर मौके पर पहुंचे। अघोषित बिजली की कटौती से नाराज उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग और विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बता दें कि गुरुवार की रात से नगर के लगभग सभी इलाकों की लाइट अघोषित रूप से काटी जा रही है। लाइन ट्रिपिंग और वोल्टेज कम ज्यादा होने की समस्या से उपभोक्ता बेहद परेशान चल रहे थे। बार बार अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी के कारण शनिवार को गुस्साए लोगों ने बिजली घर पर घेराव कर धरना दे दिया। धरने के दौरान पूर्व विधायक होशियार सिंह भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने अधिकारियों से नगरवासियों को नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की। इस दौरान धरना दे रहे लोगों ने एक्सईएन और एसडीओ को मौके पर बंधक बनाकर जमीन पर ही बैठा लिया और जमकर खरी खोटी सुनाई। उपभोक्ताओं ने मौके पर जेई को बुलाने की मांग भी की लेकिन जेई ने अधिकारियों तक का फोन नहीं उठाया।

# मोदीनगर सीएचसी में फायर सेफ्टी को लेकर मॉक ड्रिल, कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोदीनगर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में आज अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से फायर फाइटिंग सिस्टम की मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

मॉक ड्रिल के दौरान कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से बचाव कार्य करने की जानकारी दी गई। साथ ही अस्पताल परिसर में स्थापित फायर फाइटिंग सिस्टम, फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट एवं अन्य अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में समय पर सही कदम उठाकर जनहानि एवं संपत्ति के नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। कर्मचारियों को मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, प्राथमिक प्रतिक्रिया देने तथा फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल का उद्देश्य अस्पताल के सभी कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार करना तथा अस्पताल की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस अवसर पर डॉ. नवीन श्रीवास्तव, डॉ. विकास काहरा, डॉ. रितु कुमार, डॉ. ज्योति, डॉ. भावना एवं डॉ. करण कसाना सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# कांवड़ यात्रा के दौरान मीट, मांस की दुकानों को बंद रखने की मांग की

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मोदीनगर।** अपराध मुक्त सेवा समिति के पदाधिकारियों ने एसडीएम मोदीनगर को ज्ञापन देखकर पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान मुख्य मार्ग ने मीट मांस की दुकानों को बंद रखने की मांग की है। अपराध मुक्त सेवा समिति के जिलाध्यक्ष पंकज कंसल द्वारा किए गए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रत्येक वर्ष की भांति पवित्र कांवड यात्रा प्रारम्भ होने वाली है। जिसमें बड़ी-बड़ी कावड़ अभी से शुरू हो गई है जो कि हिन्दुओं की आस्था का बहुत बड़ा केन्द्र है। पवित्र कांवड़ यात्रा के मुख्य मार्ग ने मीट मांस की जो दुकान खुली हुई है वह तत्काल प्रभाव से बंद की जाएं व विधर्मियों द्वारा खाने पीने की चीजों को लेकर जिहाद किया जाता है, उन्हें चिन्हित करके उन पर अंकुश लगाया जाये। पत्र में शीघ्र अति शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर अनुज भाटी, अंशु सिंह, अभिनव, तरुण, अनिकेत व हिंदू रक्षा दल से सपना अग्रवाल, नीरज शर्मा, प्रदीप चौधरी, संगीता मौजूद रहे।

# देर रात तक श्री खाटूश्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** श्रीश्याम मित्र मंडल मोदीनगर द्वारा महेन्द्रपुरी सी लाइन स्थित खाटू श्याम मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय खाटू श्याम महोत्सव एवं वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया। तीसरे व अंतिम दिन प्रातः 9 बजे से 11:15 बजे तक महायज्ञ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इसके अलावा शाम सात बजे से विशाल संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें कोलकता से पधारे सौरभ शर्मा के अलावा पवन देव, दिनेश शेखावत, योगेश शर्मा, देव अग्रवाल, जस्सी सैनी, अमित भारद्वाज ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति के सागर में डुबाए रखा। इस दौरान मंच संचालन गिरीश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेन्द्र कुमार गर्ग, देवेन्द्र गुप्ता, विजय शर्मा, दीपक गोयल, अंकित गोयल, संजय रूहेला, प्रदीश शर्मा, अनेश शर्मा, राजेन्द्र कुमार, मनोज चौधरी, अजय रूहेला, उदेश शर्मा, सुशील शर्मा, सुदेश शर्मा, शिव कुमार जिंदल, राजीव रूहेला, अंमित गर्ग, विरेन्द्र सिंह, दीपक दारूका, अंकित शर्मा, देवेन्द्र कुमार, विपिन चौधरी, देवेन्द्र शिशोदिया, राकेश खन्ना, जतिन गुप्ता, मनोज कुमार, अनिल मिश्रा आदि का सहयोग रहा।

# सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में दो महिला खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त कर किया मोदीनगर क्षेत्र का नाम रोशन

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** निवाड़ी रोड स्थित प्रिंस जिम में ट्रेनिंग ले रही मोदीनगर की दो होनहार युवा महिला खिलाड़ियों ने हैदराबाद के स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स में आयोजित पांच दिवसीय सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मेडल प्राप्त कर अपने जनपद व क्षेत्र का नाम रोशन कर दिखाया। मेडल जीतकर मोदीनगर लौटने पर महिला खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया।

हैदराबाद में आयोजित इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में मोदीनगर की अवंतिका ने 57kg में सिल्वर मेडल जीता जबकि शगुन ने 63kg में गोल्ड मेडल प्राप्त कर मोदीनगर का नाम रोशन कर दिखाया। दोनों खिलाड़ी मोदीनगर के निवाड़ी रोड स्थित प्रिंस जिम में कोच पारुल त्यागी के निर्देशन में ट्रेनिंग ले रही है। इंटरनैटनल खिलाड़ी मनीषा शर्मा के साथ अभ्यास कर रही दोनों ही होनहार महिला खिलाड़ियों का कहना है कि उनका इरादा देश के लिए मेडल प्राप्त करना है।

इस अवसर पर प्रिंस जिम के कोच पारुल त्यागी ने कहा कि मोदीनगर की लड़किया देश विदेश में मेडल जीत कर क्षेत्र की अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणा बन रही है। शगुन और अवंतिका के हैदराबाद से मेडल जीतकर मोदीनगर लौटने पर प्रिंस जिम में फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से कोच पारुल त्यागी इंटरनेशनल खिलाड़ी मनीष शर्मा, अनिरुद्, उत्कर्ष, रोहित कुमार, सचिन शर्मा, कृष्ण पाल सिंह, प्रमोद कुमार, रुद्र प्रताप, आदि मौजूद रहे।

# चेन लूट की शिकायत दर्ज कराने पर मां व बेटे का सिर फोड़ा, गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मोदीनगर।** संजय नगर कॉलोनी में सोने की चेन लूट की शिकायत दर्ज कराना एक महिला और उसके बेटे को महंगा पड़ा। शुक्रवार रात करीब 12 बजे दबंगों ने धारदार हथियार से हमला कर मां पूनम उपाध्याय और उनके बेटे मुकुल का सिर फोड़ दिया। इस संबंध में पीड़िता ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी है।

पूनम उपाध्याय ने बताया कि दो दिन पहले उनका बेटा मुकुल ई-रिक्शा लेने जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके गले से सोने की चेन लूट ली थी। महिला ने कॉलोनी निवासी रिंकू और बादल पर सोने की चेन लूटने का आरोप लगाते हुए मोदीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही आरोपी पक्ष लगातार समझौते का दबाव बना रहा था। समझौता न करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां भी दी जा रही थीं। शुक्रवार रात जब पूनम उपाध्याय अपना ब्यूटी पार्लर बंद करके घर लौट रही थीं, तो रास्ते में दबंगों ने उन पर हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी। अपनी मां को बचाने के लिए मुकुल भी वहां पहुंचा, तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से वार कर मां-बेटे का सिर फोड़ दिया। पीड़िता ने तत्काल मोदीनगर थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी और तहरीर सौंपी। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गुलमोहर एनक्लेव में मिशन शक्ति की पाठशाला, महिलाओं को बताए सुरक्षा, अधिकार और साइबर बचाव के मंत्र





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से थाना सिहानी गेट की मिशन शक्ति टीम ने शनिवार को राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी के कम्युनिटी हॉल में महिला सुरक्षा एवं नारी सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों, महिला सुरक्षा कानूनों, साइबर अपराध से बचाव तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति प्रभारी खुशबू बालियान, उपनिरीक्षक त्रिवेणी, महिला कांस्टेबल प्रीति एवं हिमांशी ने महिलाओं को 112, 1090, 181 और 1930 हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता, डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान एवं सरकारी योजनाओं से संबंधित जागरूकता पुस्तिकाओं का भी वितरण किया गया। मिशन शक्ति प्रभारी खुशबू बालियान ने कहा कि जागरूक महिला ही सुरक्षित समाज की आधारशिला होती है। प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जागरूकता महिलाओं को आत्मविश्वासी, सशक्त और अपराधों के प्रति सजग बनाती है तथा उत्तर प्रदेश पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के समापन पर आरडब्ल्यूए गुलमोहर एनक्लेव की पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य रश्मि चौधरी ने मिशन शक्ति टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा कानूनों और हेल्पलाइन नंबरों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं। उन्होंने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में कवल चौधरी, सुमन अग्रवाल, मधु, कविता, अंजुला, नीरू, सीमा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताया।

# प्राचार्या के पद पर नियुक्त किए जाने पर प्रोफेसर वंदना शर्मा को दी बधाई



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मुल्तानीमल डिग्री कॉलेज के नव नियुक्त प्रधानाचार्य प्रोफेसर श्रीमती वंदना शर्मा को राष्ट्रीय परशुराम परिषद के पदाधिकारियों ने जाकर बधाई दी।

इस मौके पर मनोज शर्मा पूर्व ब्लैक कैट कमांडो, राष्ट्रीय परशुराम परिषद के नगर मुकुल शर्मा बेगमाबाद, तरुण शर्मा , परशुराम सेना के नगर अध्यक्ष सम्भव शर्मा, राष्ट्रीय परशुराम परिषद के मीडिया प्रभारी सचिन शर्मा , के साथ पहुंचकर प्रोफेसर श्रीमती वंदना शर्मा को पुष्प गुच्छ व भगवान परशुराम जी का चित्र देकर बधाई दी।

# घर में घुसकर कथित जानलेवा हमला, तीन लोग घायल

## तीन नामजद समेत अज्ञात पर लगाया आरोप, पुलिस से की सख्त कार्रवाई की मांग

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मोदीनगर।** क्षेत्र स्थित संजयपुरी में एक परिवार पर कथित रूप से घर में घुसकर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित तरुण कश्यप ने मोदीनगर थाने में तहरीर देकर तीन नामजद तथा अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, आरोपी हथौड़े और लोहे की रॉड लेकर उनके घर पहुंचे और परिवार पर हमला कर दिया। इस घटना में तरुण कश्यप, उनकी मां कांति कश्यप और पिंकी कश्यप घायल हो गए।

घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। तरुण कश्यप का आरोप है कि किसी ने आरोपियों को गलत सूचना दी थी कि उन्होंने उन्हें गाली दी है। जब आरोपी उनके घर पहुंचे तो उन्होंने किसी भी प्रकार की गाली-गलौज या विवाद से इनकार किया, लेकिन इसके बावजूद कथित रूप से हमला कर दिया गया।

पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना के दौरान आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। परिवार का दावा है कि स्थानीय लोगों की मदद से पूनम शर्मा, मोंटी शर्मा और बादल शर्मा को मौके पर ही रोक लिया गया, जबकि उनके साथ आए 8 से 10 अन्य लोग मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 'दो बूंद जिंदगी की' का संदेश गूंजा, पल्स पोलियो अभियान से पहले गाजियाबाद में निकली विशाल जागरूकता रैली

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के सफल एवं प्रभावी संचालन को लेकर शनिवार को एमएमजी जिला चिकित्सालय परिसर से विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन वैश्य ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ. सचिन वैश्य ने कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जो बच्चों को जीवनभर के लिए दिव्यांग बना सकती है, लेकिन समय पर पोलियो की खुराक पिलाकर इससे पूरी तरह बचाव संभव है। उन्होंने जनपदवासियों, विशेषकर अभिभावकों से अपील की कि 0 से 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रह जाए और प्रत्येक बच्चे को पोलियो बूथ पर ले जाकर 'दो बूंद जिंदगी की' अवश्य पिलाई जाए।

उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। रैली में 47वीं पीएसी बटालियन, सिविल डिफेंस, डब्ल्यूएचओ, एनपीएसपी, यूएनडीपी, जीरो डोज गावी के प्रतिनिधियों, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

जागरूकता रैली एमएमजी जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर हापुड़ मोड़ होते हुए नवयुग मार्केट स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क तक पहुंची, जहां आमजन को पोलियो उन्मूलन और बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता, उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी जी.के. मिश्रा, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक नरेंद्र, पीटी अनुराग रोहिला तथा डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. अभिषेक सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# योगी दौरे के दौरान सपा नेताओं की गिरफ्तारी, पुलिस से नोकझोंक; सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप







**कपिल चौहान**

**गौतमबुद्धनगर।** मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान विरोध प्रदर्शन के लिए जा रहे समाजवादी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस दौरान पुलिस और सपाइयों के बीच तीखी नोकझोंक तथा नारेबाजी भी हुई, जिससे कुछ समय के लिए माहौल गरमा गया।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जताने के अधिकार का हनन कर रही है और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनहित के मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोककर हिरासत में ले लिया। वहीं, पुलिस प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही। घटना के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति को नियंत्रण में रखा गया।

सपा नेताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखने की बात कहते हुए कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी कार्यकर्ता आगे भी आवाज उठाते रहेंगे।

# मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री समेत दिग्गज नेताओं की मौजूदगी से सजी ऋषभ शर्मा की सगाई





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के सुपुत्र चि. ऋषभ शर्मा के सगाई समारोह में प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति देखने को मिली।

समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तथा जलशक्ति मंत्री ने पहुंचकर नवयुगल को सुखद दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं एवं स्नेहिल आशीर्वाद प्रदान किया।





मुख्यमंत्री ने अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समारोह में शामिल होकर होने वाले वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

परिवार ने इसे अपने लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं अविस्मरणीय क्षण बताते हुए मुख्यमंत्री के आत्मीय सान्निध्य, स्नेह और शुभाशीष के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

उपमुख्यमंत्री ने भी समारोह में सहभागिता कर नवयुगल के उज्ज्वल एवं सुखमय भविष्य की कामना की। परिवार ने उनके आत्मीय जुड़ाव और स्नेहपूर्ण उपस्थिति को विशेष सम्मान बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

वहीं, जलशक्ति मंत्री ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाते हुए ऋषभ शर्मा और उनकी भावी जीवनसंगिनी को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। परिवार ने उनके स्नेहिल सान्निध्य एवं शुभकामनाओं के लिए कोटि-कोटि आभार प्रकट किया।

सगाई समारोह में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं शुभचिंतकों की उपस्थिति से उत्सव का माहौल उल्लासपूर्ण और यादगार बना रहा।

# भीम नगर में विकास की सौगात: 18.97 लाख की लागत से सड़क और नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई रफ्तार देते हुए वार्ड संख्या-1 स्थित भीम नगर में इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत कराए जा रहे इस कार्य पर लगभग 18.97 लाख रुपये की लागत आएगी। निर्माण कार्य का क्रियान्वयन जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), गाजियाबाद द्वारा कराया जाएगा।

यह विकास कार्य प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में, गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग तथा शहर विधायक संजीव शर्मा के प्रस्ताव पर वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के तहत स्वीकृत किया गया है। योजना के अंतर्गत इंद्रपाल के मकान से लोकेश के मकान तक तथा प्रदीप के मकान से चरणदास के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का निर्माण कराया जाएगा।






शिलान्यास अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में शहर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है तथा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

कार्यक्रम में क्रासिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, पार्षद धर्मेंद्र नागर, चेयरमैन संदीप पाल, अनु चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्ती: स्क्रैप सेंटरों की हो रही निगरानी




**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जनपद में वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत जिले में संचालित वाहन स्क्रैप सेंटरों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा यह जांच की जा रही है कि कहीं किसी स्क्रैप सेंटर पर स्क्रैप सामग्री को जलाकर प्रदूषण तो नहीं फैलाया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान स्क्रैप सेंटर संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने परिसरों में किसी भी प्रकार के स्क्रैप को न जलाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि स्क्रैप जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन अधिकारी अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में संचालित सभी वाहन स्क्रैप सेंटरों का क्रमवार निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक की जांच में कहीं भी स्क्रैप जलाने का मामला सामने नहीं आया है।

उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के प्रति विभाग पूरी तरह गंभीर है और सभी संचालकों को निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश गिरफ्तार, सिहानी गेट पुलिस की बड़ी सफलता

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस आयुक्त द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मामलों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिहानी गेट पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और स्थानीय इनपुट के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त दीपक को गिरफ्तार कर लिया।



अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 0084/26, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है। आरोपी को वीपी क्रिकेट ग्राउंड के पास खेतों में बनी झुग्गी-झोपड़ी से, थाना इकोटेक क्षेत्र, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतम बुद्ध नगर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा तथा कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डीसीपी धवल जायसवाल की जनसुनवाई, फरियादियों को त्वरित राहत दिलाने के निर्देश

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस उपायुक्त नगर/ट्रांस हिंडन श्री धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर शिकायत लेकर पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मामलों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।



डीसीपी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का शीघ्र समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और पीड़ितों को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कर शिकायतकर्ताओं को राहत प्रदान की जाए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

# ई-पंजीकरण के खिलाफ बढ़ा जनसमर्थन, अधिवक्ताओं के आंदोलन में उतरे किसान संगठन



**कपिल चौहान**

**गौतमबुधनगर।** प्रदेश सरकार की ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं एवं बैनामा लेखकों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को अब व्यापक जनसमर्थन मिलने लगा है। किसान एकता महासंघ और पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा ने आंदोलन को न्यायोचित बताते हुए बार एसोसिएशन को अपना पूर्ण समर्थन दिया है।

किसान एकता महासंघ के जिला अध्यक्ष चौधरी अरविंद सेक्टरी ने बार एसोसिएशन अध्यक्ष को समर्थन पत्र सौंपते हुए कहा कि जब तक सरकार ई-पंजीकरण संबंधी आदेश वापस नहीं लेती, संगठन अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों एवं आम नागरिकों के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था लागू होने से अधिवक्ताओं और बैनामा लेखकों की आजीविका प्रभावित होगी, वहीं आम लोगों को भी दस्तावेजों के पंजीकरण में व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

वहीं, पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा ने भी बार एसोसिएशन को लिखित समर्थन देते हुए सरकार से सभी पक्षों के साथ संवाद स्थापित कर समाधान निकालने की मांग की। मोर्चा के जिला महासचिव रण सिंह भाटी ने कहा कि यह संघर्ष केवल अधिवक्ताओं का नहीं, बल्कि उन हजारों परिवारों का भी है जिनकी आजीविका पारंपरिक पंजीकरण व्यवस्था से जुड़ी हुई है।

बार एसोसिएशन एवं बैनामा लेखक संघ की आपात बैठक में आंदोलन को और धारदार बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। इसके बाद अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में पैदल मार्च निकालकर सरकार के निर्णय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और ई-पंजीकरण व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की मांग दोहराई। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय न होने पर आंदोलन को और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा।

किसान एकता महासंघ एवं पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा ने संयुक्त रूप से भरोसा दिलाया कि अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर संघर्ष में सहभागी रहेंगे तथा सरकार से लोकतांत्रिक भावना के अनुरूप वार्ता के माध्यम से शीघ्र समाधान निकालने की अपील की।

# अवैध निर्माणों पर जीडीए की बड़ी कार्रवाई: अशोक नगर में सीलिंग, अवंतिका में चला बुलडोजर

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शहर में अवैध निमार्णों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शुक्रवार को प्रवर्तन जोन-4 क्षेत्र में सख्त कार्रवाई करते हुए अशोक नगर स्थित दो निमार्णों पर सीलिंग की कार्रवाई की, जबकि अवंतिका क्षेत्र में एक अवैध निर्माण को ध्वस्त कर अनुपयोगी बना दिया। यह कार्रवाई जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर स्थानीय पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।





अशोक नगर स्थित भूखंड संख्या बी-82 पर निर्माणकर्ता द्वारा प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सेटबैक प्रभावित करते हुए निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इस संबंध में वर्ष 2025 में कारण बताओ नोटिस, कार्य रोकने के आदेश तथा अनुस्मारक पत्र जारी किए गए थे, लेकिन निर्माणकर्ता की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया और निर्माण कार्य जारी रखा गया। इसके चलते जीडीए ने उक्त निर्माण को सील कर प्रभावी रोक लगा दी।

इसी प्रकार अशोक नगर के भूखंड संख्या बी-175 पर बिना अनुमति एवं नियमों के विपरीत निर्माण किए जाने पर प्राधिकरण ने पहले ही वैधानिक कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किए थे तथा संबंधित प्रकरण में ध्वस्तीकरण आदेश भी पारित किए गए थे। बावजूद इसके निर्माण गतिविधियां जारी रहने पर शुक्रवार को भवन को सीलबंद कर दिया गया। इसके अलावा अवंतिका क्षेत्र के भूखंड संख्या सीडी-16ए पर स्वीकृत भवन मानचित्र के विपरीत सेटबैक प्रभावित कर किए गए अतिरिक्त निर्माण के विरुद्ध भी जीडीए ने कार्रवाई करते हुए अवैध हिस्से को ध्वस्त कर अनुपयोगी बना दिया। संबंधित निर्माणकताओं को पूर्व में कारण बताओ नोटिस, कार्य रोकने के निर्देश एवं अनुस्मारक नोटिस भेजे गए थे, लेकिन संतोषजनक उत्तर न मिलने पर यह कार्रवाई की गई। जीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध निमार्णों और अनधिकृत विकास गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। प्रवर्तन जोन-4 के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से पूरी कार्रवाई प्रभावी ढंग से संपन्न कराई गई।